नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 76- ● जबलपुर ● मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

लखनऊ और चेन्नई के मैच शेड्यूल में हुआ बदलाव, 4 मई की जगह 3 मई को होगा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी। IPL के 16वें सीजन के 46वां मैच के शेड्यूल में बदलाव किया गया गया है। यह मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होना है। IPL प्रशासन की ओर से जारी किए गए बयान में कहा है कि लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई खेले जाने वाला मैच 3 मई को होगा। यह बदलाव 4 मई को लखनऊ में होने वाले मेयर चुनाव को देखते हुए किया गया है। वहीं मैच के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मैच पहले की तरह ही निर्धारित समय दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा।

सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आपस में भिड़े, 200 लोगों की मौत, 1800 से अधिक घायल

खार्तूम, एजेंसी। सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लगातार तीसरे दिन जारी संघर्ष में अब लगभग 200 लोगों की मौत हो गई और 1800 से अधिक लोग घायल हुए हैं. न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संघर्ष ने सूडान की राजधानी खार्तूम और अन्य शहरों की स्थिति को बेहद खराब कर दिया है. यहां अब घरों में लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं. सोमवार को अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए और भोजन की आपूर्ति भी बाधित हो गई. न्यूज एजेंसी AP के अनुसार, राजधानी खार्तूम और इसके निकटवर्ती शहर ओमडर्मन में हवाई हमले और गोलाबारी तेज हो गई है।

बालू माफियाओं ने महिला इंस्पेक्टर को घसीटकर पीटा, पुलिसवालों को दौड़ा-दौड़ाकर मारा

■ बिहटा .पटना, एजेंसी।

बिहार में बालू को 'पीला सोना' कहा जाता है और प्रदेश में इस 'पीले सोने' में मोटी कमाई को लेकर बालू माफिया कुछ भी करने को तैयार रहते हैं. इसी क्रम में ताजा मामला पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव गांव का है, जहां बालू ओवरलोडिंग चेकिंग करने के दौरान ट्रक चालकों और बालू माफियाओं ने जिला खनन इंस्पेक्टर महिला समेत अन्य कर्मियों को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर ईट एव पत्थर से जमकर पिटाई कर डाली. पिटाई की डर से महिला जिला खनन इंस्पेक्टर जान बचाती हुई भागती रहीं, लेकिन बदमाशों के द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जा रहा है. पूरी घटना का वीडियो वायरल हुआ है। बताया

जाता है कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला खनन विभाग की महिला इंस्पेक्टर समेत अन्य कर्मियों ने बिहटा के परेव गांव के पास बालू ओवरलोडिंग के खिलाफ चेकिंग अभियान चला रखा था. इसी दौरान ट्रक चालकों से कहासुनी हो गयी, जिसके बाद ट्रक चालकों ने जिला खनन इंस्पेक्टर समेत अन्य कर्मियों को बिहटा-आरा एनएच मुख्य मार्ग पर सह परेव गांव के समीप दौड़ा दौड़ा-दौड़ाकर ईट पत्थर से हमला शुरू कर दिया. जान बचाने के लिए जिला खनन की टीम भागती रही, उसके बाद भी इन लोगों के द्वारा पिटाई की जाती रही. बताया जाता है कि लगभग 150 अवैध तरीके से बालू लोडेड ट्रक को पकड़ लिया गया था, लेकिन उसे छुड़ाने के लिए बालू माफिया और उसके लोगों ने हमला करना शुरु कर दिया और बालू घाट के पास ही खनन महिला इंस्पेक्टर और उनकी टीम को दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई करने लगा. i जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि उपद्रवियों द्वारा खनन पदाधिकारी और इंस्पेक्टर की टीम पर रोड़ेबाजी की गई है, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हमारी डीटीओ और एसडीएम दानापुर के नेतृत्व में रिफोर्समेंट टीम गई है और 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इसमें मामला भी दर्ज किया गया है.।

भारत वर्ष पहले भी था आज भी है बाद में भी रहेगा: डा. मोहन भागवत

जबलपुर के नरसिंह मंदिर में संघ प्रमुखने किया डा. श्याम देवाचार्य के श्रीविग्रह का लोकार्पण

जबलपुर, यशभारत। जगतगुरु डॉ .स्वामी श्यामदेवाचार्य जी महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में साकेतवासी डा. श्याम देवाचार्य के श्रीविग्रह का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डा. मोहन भागवत ने मंगलवार की सुबह किया। सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच डा. भागवत सीधे मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रवेश द्वार के बाएं हाथ पर स्वामी रामचंद्र महाराज की प्रतिमा के बाजू में श्रीविग्रह का लोकार्पण किया। इस दौरान डा.स्वामी नरसिंहदास महाराज, स्वामी गिरीशानंद साकेत धाम श्याम साहनी सहित अन्य मौजूद रहे। डाक्टर भागवत ने कहा- भारत वर्ष पहले भी था आज भी है, बाद में भी रहेगा। भारत के अस्तित्व का प्रयोजन सृष्टि का चलना है, जब तक मानव है, तब तक ये प्रयोजन चलता रहेगा। हर राष्ट्र बनने का प्रयोजन पूरा करने के बाद देश अंतर्ध्यान हो जाते हैं पर भारत का प्रयोजन खत्म नहीं हुआ है। मनुष्य सबसे दुर्बल है, लेकिन बुद्धि दी भगवान ने इसलिए सब प्राणियों का राजा बन गया। मनुष्य सोचता है कि सब

मिलकर रहें। मनुष्य ने समूह बनाए, जिन्हें कबीले कहा गया। कबीले लड़ते थे, रक्तपात होता था इसलिये राजा बना दिया गया। कार्यक्रम में कई साधु संत भी मौजूद थे। मोहन भागवत के जबलपुर आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। जानकारी के अनुसार जबलपुर में 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक स्वामी रामादेवाचार्य जी की द्वितीय पुण्यतिथि को लेकर कई कार्यक्रम चल रहे थे। इसी कार्यक्रम के अंतिम दिन मंगलवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को भी शामिल होना था पर वह किसी कारण से नहीं आ पाए।

शाम को मानस भवन में देंगे व्याख्यान

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नरसिंह मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन जगतगुरु श्यामादेवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण के बाद मोहन भागवत ने नरसिंह मंदिर परिसर में साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया। इस कार्यक्रम के बाद मानस भवन में 4.45 बजे रामानंदाचार्य के प्राकट्य 723 वर्ष पूर्ण होने में आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस सरसंघ संचालक मोहन भागवत व्याख्यान देंगे।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी

14 नेताओं ने टटोली भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज असंतोष दूर करने कोर ग्रुप में आज होगा मंथन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। आज शाम चार बजे भाजपा मुख्यालय में आहूत कोर ग्रुप की बैठक में जमीनी स्तर पर समन्वय के साथ काम करने की रणनीति बनाने पर भी चर्चा होगी। पार्टी को चुनाव में जाना है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की नाराजगी को पार्टी चुनौती के रूप में ले रही है। संघ और भाजपा के 14 दिग्गज नेताओं वरिष्ठ नेताओं को फील्ड में जाकर नाराज और असंतुष्ट नेताओं को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी ,जिन्होंने जमीन स्थिति को लेकर अपनी रिपोर्ट संगठन को सौंप दी है। आज सौंपी गई रिपोर्ट पर मंथन होगा। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में प्रदेश की कमजोर सीटों को लेकर रणनीति बनेगी, वहीं, नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं का असंतोष दूर करने का रास्ता निकाला जाएगा। बता दें, इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने भोपाल प्रवास पर बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन को जमीनी स्तर पर काम करने को कहा था। उन्होंने सरकार और संगठन में समन्वय को लेकर भी सवाल उठाए थे। सूत्रों का कहना है कि कोर ग्रुप की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उपेक्षा की शिकायत रिपोर्ट के अनुसार कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों के द्वारा उनकी उपेक्षा करने की भी शिकायत की है। वहीं, बड़ी समस्या ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं के क्षेत्र में है। बैठक इन सब शिकायतों को दूर करने के रास्ते निकाले जाएंगे।

मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा संभव

इसके अलावा कोर ग्रुप की बैठक में चुनाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा हो सकती है। इसमें पार्टी से नाराज चल रहे वरिष्ठ विधायकों को समायोजित किया जा सकता है। अभी मंत्रिमंडल में मंत्रियों के चार पद खाली हैं। बता दें, 2018 के चुनाव में भाजपा के हाथ से सत्ता फिसलने की वजह क्षेत्रीय असंतोष व असंतुलन मुख्य था। ऐसे में भाजपा इस बार विधानसभा चुनाव में गलती को दोहराना नहीं चाहती।

मोदी की सभा और विंध्य पर भी चर्चा

बैठक में 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीवा में होने वाले कार्यक्रम के साथ विंध्य में पार्टी की पकड़ को मजबूत बनाए रखने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के साथ साढ़े छह हजार करोड़ की एक परियोजना का भी शिलान्यस करेंगे। वहीं मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी द्वारा नई पार्टी बनाने की घोषणा कर विंध्य की 30 सीटों पर चुनाव लडने का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में कोर ग्रुप में त्रिपाठी के ऐलान के बाद की स्थिति से निपटने पर भी चर्चा होने की संभावना है।

गुजरात में पैसेंजर ट्रेन में लगी आग

बोटाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के 3 डिब्बे जले

■ भावनगर, ईएमएस।

गुजरात में बोटाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर एक खाली पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। बोटाद से सुरेंद्रनगर तक चलने वाली यह ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर खड़ी थी। इसी दौरान तीन बोगियों में आग लग गई। ट्रेन खाली होने के चलते कोई जनहानि नहीं हुई। करीब 2 घंटों की मशक्कत से फायर की टीम ने आग पर काबू पाया। यह ट्रेन बोटाद से सुरेंद्रनगर के लिए शाम छह बजे रवाना होती है। इससे पहले के टाइम में ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर खड़ा किया जाता है। हालांकि, आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। रेलवे पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

तीन हादसों में चली गईं 13 की जान

सरदारपुर में ट्राले में पीछे से जा घुसी कार, तीन युवाओं की मौत

■ सरदारपुर, यशभारत।

धार जिले के इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन पर अल सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। भोपावर चौकड़ी पर स्पीड ब्रेकर पर ट्राले में पीछे से कार जा घुसी राजगढ़-सरदारपुर के तीन युवकों की दर्दनाक मौत हुई। मृतकों में एक सरदारपुर नगर परिषद का नवनिर्वाचित पार्षद भी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सरदारपुर की भोपावर चौकड़ी पर सुबह करीबन तीन बजे कार क्रमांक एमपी 11 सीसी 2760 आगे चल रहे ट्राला क्रमांक यूपी 78 एफएन 1865 में पीछे से जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीओपी रामसिंह मेढ़ा एवं टीआई प्रदीप खन्ना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शवों को निकाला गया। इस दर्दनाक हादसे में सरदारपुर निवासी वार्ड क्रमांक सात के पार्षद प्रथम पिता गोपाल गर्ग उम्र 27 वर्ष तथा अक्षय पिता अतुल त्रिवेदी उम्र 27 वर्ष, राजगढ़ के दलपुरा निवासी संदीप पिता शंकरलाल राठौर उम्र 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर ले जाया गया है।

करनाल में बिल्डिंग गिरी, 4 ने तोड़ा दम, कई मलबे में दबे

करनाल, एजेंसी। हरियाणा के करनाल में एक राइस मिल की तीन मंजिला इमारत मंगलवार तड़के गिर गई। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई। 20 से 25 मजदूर मलबे में दब गए हैं। प्रशासन, पुलिस व रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। अभी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। तरावड़ी की शिव शक्ति राइस मिल की तीन मंजिला बिल्डिंग में करीब 200 मजदूर रहते थे। जिनमें से कुछ मजदूर रात को काम पर गए हुए थे। बाकी मजदूर रात को बिल्डिंग में सो रहे थे। मंगलवार तड़के 3:30 बजे तीन मंजिला बिल्डिंग सोते हुए मजदूरों पर गिर गई। 18 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं।

पुणे में होर्डिंग गिरा, छह लोग मृम

पुणे, एजेंसी। पुणे में आंधी-बारिश से बचने के लिए कुछ लोग एक दुकान के पास खड़े थे। दुकान के पास ही लोहे का एक होर्डिंग लगा था। आंधी के चलते होर्डिंग दुकान पर गिर गया।पुणे के पिंपरी चिंचवाड़ शहर के रावत किवले इलाके में सोमवार को लोहे का होर्डिंग गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में चार महिलाएं हैं। घटना शाम 6:30 बजे की बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू कर दिया। दरअसल, रावत किवले इलाके में कात्रज देहू सर्विस रोड पर आंधी और बारिश से बचने के लिए कुछ लोग एक दुकान के पास खड़े थे।

गुड्डू मुस्लिम ने दिया अतीक को धोखा, उसकी सूचना पर मारे गए असद और गुलाम, ये राज हुआ दफ्न

■ प्रयागराज, एजेंसी।

अतीक और अशरफ के मारे जाने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा गुड्डू मुस्लिम की है। दरअसल अशरफ के जो आखिरी शब्द 'गुड्डू मुस्लिम' था। वह गुड्डू मुस्लिम के बारे में क्या बताना चाहता था, यह राज अब हमेशा हमेशा के लिए दफ्न हो गया, लेकिन चर्चा है कि गुड्डू ने अतीक को अंतिम समय में धोखा दिया। चर्चा है कि अशरफ यही बात कहना चाहता था, उससे ठीक पहले उसे गोली मार दी गई। गुड्डू की सूचना पर एसटीएफ ने असद और गुलाम को मार गिराया था? जिस दिन असद और गुलाम का एनकाउंटर हुआ, उसी दिन से अफवाह उड़ रही है कि पुलिस ने गुड्डू मुस्लिम को पकड़ लिया। उसके कभी झांसी, कभी अजमेर और कभी नासिक में होने की बात कही गई। गुड्डू मुस्लिम के डबल क्रास करने की अफवाह उस दिन से उड़ी जिस दिन अतीक और अशरफ की हत्या हुई थी। काल्विन अस्पताल में 15 अप्रैल की रात मीडियाकर्मियों ने अतीक और अशरफ से पूछा था कि वे असद के जनाने में क्यों

नहीं गए। अतीक ने उत्तर दिया कि 'नहीं जाने दिया गया नहीं गए'। इसके ठीक बाद अशरफ बोला कि 'बात यह है कि गुड्डू मुस्लिम'। इस शब्द के बाद ही पहले अतीक के सिर में गोली मारी गई फिर अशरफ के सिर में गोली मार दी गई। उसका वाक्य पूरा नहीं हो पाया। इस आखिरी शब्द की पूरे प्रदेश में चर्चा है। मीडियाकर्मी जब असद के जनाजे में जाने की बात कर रहे थे तो अशरफ ने गुड्डू मुस्लिम का नाम क्यों लिया। वह जो भी बताना चाहता था, वह राज अब हमेशा के लिए राज ही रहेगा लेकिन गुड्डू के बारे में तरह तरह की अफवाहें तैर रही हैं। सूत्र बताते हैं कि अशरफ ने एसटीएफ से कहा था कि असद और गुलाम के अलावा गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर को सौंप देगा।इस बात की खबर लगते ही गुड्डू मुस्लिम ने एसटीएफ से संपर्क किया।

गर्मी का टॉर्चर, यूपी-झारखंड समेत कई राज्यों में लू की चेतावनी, दिल्ली में पारा 40 डिग्री के पार

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

देश के तमाम हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और सिक्किम में लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है और यहां के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम से गर्म, शुष्क हवाएं पूर्वी भारत में चल रही हैं। विभाग ने गर्मी से बचने के लिए लोगों को पर्याप्त पानी पीने, ओआरएस और अन्य पेय पदार्थों के इस्तेमाल की सलाह दी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। दिल्ली में सोमवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य है। इससे पूर्व बीते शनिवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया

था। परेशानी की बात यह है कि मंगलवार को भी भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक रहने की संभावना है।

कब होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से लेकर गुरुवार के बीच दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में भी कमी आने की संभावना है। हालांकि, 19 अप्रैल को बारिश की तीव्रता में बढ़त देखी जा सकती है और 21 अप्रैल तक इसका असर दिख सकता है। साथ ही 19 से 21 अप्रैल के बीच उत्तराखंड के इलाकों में भी हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। कुछ इलाकों में गरज के साथ ओलावृष्टि भी देखने को मिल सकती है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 38 डिग्री जबकि गुरुवार को 37 डिग्री तक जा सकता है।

सबसे ज्यादा गर्मी

देश में सोमवार को सबसे गर्म तेलंगाना का जयशंकर भूपालपल्ली जिला रहा, जहां तापमान 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस और बिहार के सपौल में 42.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यहां तक कि सिक्किम जैसे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी लू की स्थिति दर्ज की गई। हालांकि, मंगलवार को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राहत मिलने के आसार हैं।लेकिन देश के अन्य राज्यों में गर्मी तेजी से बढ़ने वाली है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अगले कुछ दिनों में तापमान तेजी से बढ़ेगा।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

सेम सेक्स मैरिज पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

कल केंद्र ने कहा था- कानूनी मान्यता की मांग एलीट क्लास की सोच

सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 15 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। पांच जजों की संवैधानिक बेंच इन याचिकाओं को सुनेगी। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली शामिल हैं। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट और यूट्यूब पर सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।मामले पर सुनवाई से एक दिन पहले यानी 17 अप्रैल को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दूसरा हलफनामा दाखिल किया। जिसमें केंद्र सरकार ने कहा कि सेम सेक्स मैरिज को वैध ठहराए जाने की डिमांड सिर्फ शहरी एलीट क्लास की है। इससे आम नागरिकों के हित प्रभावित होंगे। सरकार ने कहा कि इस पर फैसला करना संसद का काम है। कोर्ट को इस पर फैसले से दूर रहना चाहिए। सभी धर्मों में विवाह का एक सामाजिक महत्व है। हिन्दू में विवाह को संस्कार माना गया है, यहां तक की इस्लाम में भी।

एक्सप्रेस-वे पर दौड़ती कार की खिड़की से फेंकने लगा नोट, पल भर में उड़ा दिए 1.60 करोड़

■ ओरेगॉन, एजेंसी।

इंसान का पेट भरा हो तो उसके शौक भी अजीबो-गरीब हो जाते हैं. वह अपने इन अजीबो-गरीब शौक पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करता है. आमतौर पर अमीर लोग पब जाते हैं. दुनिया की सैर-सपाटे पर जाते हैं. महंगी से महंगी चीजें खरीदते हैं. बड़ी गाड़ी में चलते हैं. अच्छे ब्रांडेड कपड़े पहनते हैं. लेकिन, एक शख्स ऐसा है जिसको हवा में नोट उड़ाने में मजा आता है. वह एक दिन बेहद व्यस्त एक्सप्रेस-वे पर नोट उड़ाने लगता है. पल भर में वह एक-दो हजार या लाख नहीं बल्कि 1.60 करोड़ रुपये से अधिक उड़ा देता है. फिर क्या, बेहद बिजी इस एक्सप्रेस-वे पर नोट लूटने के लिए बड़ी-बड़ी गाड़ियों से लोग उतर आते हैं. भारी भीड़ लग जाती है. एक्सप्रेस-वे जाम हो जाता है और फिर पुलिस आती है और नोट उड़ाने वाले को गिरफ्तार करने की चेतावनी देती है. तब जाकर वह नोट उड़ाना बंद करता है. दरअसल, यह कहानी है

क अमेरिका के ओरेगॉन प्रांत के 38 वर्षीय शख्स कॉलिन डेविस मैक्कार्थी थी. मैक्कार्थी का फैमिली बिजनेस है. आर्थिक रूप से वह संपन्न हैं. उनके शौक थोड़े अजीबो-गरीब हैं. यह बात 11 अप्रैल की शाम 7.20 की है. वह उस शाम एक एक्सप्रेस-वे पर चल रहे होते हैं और कार की खिड़की से नोट उड़ाते आगे बढ़ रहे थे. कुछ ही देर में वह दो लाख डॉलर यानी 1.62 करोड़ रुपये की राशि उड़ा चुके थे. नोट लूटने के लिए इस एक्सप्रेस से गुजरने वाली गाड़ियां रुकने लगती है. हर कोई इन नोट्स को हासिल करना चाहता था.पुलिस का कहना है कि मैक्कार्थी के खिलाफ अभी तक कोई मुकदमा दायर नहीं किया गया है. उसे चेतावनी दी गई है. पुलिस ने बताया की एक्सप्रेसङ्कवे से जाम हटवाने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी. अपनी इस हरकत को लेकर मैक्कर्थी का कहना है कि वह ठीक-ठाक पैसे वाले परिवार से हैं. वह लोगों को उपहार में पैसे देने चाहते थे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना पाजिटिव

■ भोपाल, यशभारत।

केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना पाजिटिव हो गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। सिंधिया ने ट्वीट में लिखा है कि डॉक्टरों के परामर्श पर कराई गई कोविड-19 की जांच में मेरी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। उन्होंने कहा- आप सभी से मेरा अनुरोध है कि पिछले कुछ दिनों में जो भी मेरे सम्पर्क में आएं हैं, वो सभी सावधानी बरतें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवायें।

मरी हुई दादी को 'दोबारा जिंदा' करना चाहता था पोता!

AI का लिया सहारा, फिर कमाल के साथ हो गया बवाल

■ बीजिंग, एजेंसी।

दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का क्रेज बढ़ता जा रहा है. लोग इसके उपयोग से कुछ हटकर करने की कोशिश कर रहे हैं. इस बीच चीन के एक शख्स ने मरी हुई दादी को 'दोबारा जिंदा' करने की कोशिश की. इसके लिए उसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया. इस कोशिश में शख्स कुछ हद तक कामयाब भी हो गया. दरअसल शंघाई में रहने वाले एक शख्स ने यह कमाल करने की कोशिश की. साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के अनुसार शख्स के इस नए कमाल ने चीन में बवाल मचा दिया है. शख्स के इस नए कमाल ने चीन में तकनीक के क्षेत्र में चर्चाएं गर्म हो गई हैं. 24 वर्षीय

वू नाम का शख्स और उसकी मृत दादी के AI संस्करण के बीच बातचीत का ऑडियो वाला एक वीडियो हाल के हफ्तों में वायरल हो गया, जब वू ने इसे ऑनलाइन पोस्ट किया. इस वीडियो में वू कहता है, 'दादी, मेरे पिताजी और मैं इस साल आपके साथ चंद्र नव वर्ष मनाने के लिए अपने गृहनगर वापस जाएंगे. मेरे पिताजी ने आपको पिछली बार फोन किया था. आपने उनसे क्या कहा?' इस पर AI दादी ने जवाब दिया, 'मैंने उससे कहा कि शराब मत पियो. अच्छे आदमी बनो और ताश मत खेलो.' बातचीत के दौरान AI दादी बातों को ध्यान से सुन रही थीं. इसके साथ ही जब वह बोलती थीं तो उनका मुंह भी हिलता था. वू पेशे से एक विजुअल डिजाइनर हैं जिन्होंने दादी को दोबारा जिंदा करने का प्लान बनाया. कोरोना संक्रमण के दौरान वू की दादी की मौत हो गई थी. वू ने ढ्ढ का उपयोग कर के दादी की मौजूदगी, आवाज, पर्सनैलिटी और यादों को संजोया. उन्होंने इसके लिए दादी की फोटो AI एप्लिकेशन में इंपोर्ट की और उनकी आवाज भी जोड़ी. इसके अलावा वू ने AI चैटबॉट चैटजीपीटी के साथ बात करने में भी काफी समय बिताया ताकि वह सीख सके कि AI को उसकी दादी की तरह व्यवहार करने के लिए कैसे तैयार किया जाए।

जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्पेशल स्कूल की सफलता के 26 वर्ष पूर्ण

जबलपुर, यशभारत। विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा अपने पिता स्व. जस्टिस राज कृष्ण तन्खा की स्मृति में प्रारंभ किये गये दिव्यांग बच्चों के स्कूल जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्पेशल स्कूल के सफर के आज 26 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्था के महासचिव बलदीप मैनी द्वारा जानकारी दी गयी कि विवेक तन्खा की दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास की अच्छी सोच और समर्पण की भावना ने ही आज से 26 वर्ष पहले अपने पिता को समर्पित इस स्कूल की स्थापना की थी। इस स्कूल के उदय होने पर समाज के दिव्यांग बच्चों और उनके माता-पिता के जीवन में आशा की जो किरणें जाग्रत हुयी उसके कारण समाज में दिव्यांग बच्चो को भी सम्मान के साथ सर उठाकर जीने का अवसर प्राप्त हुआ। 26 वर्षों के सफर में करीब 1550 बच्चो और उनके पालको के जीवन में अगर स्कूल सक्षम हुआ है तो उसका पूरा श्रेय तन्खा दंपत्ति की महान सोच, देने की भावना और संस्था में कार्यरत, समर्पित सचिव, शिक्षकों, प्राचार्य, लगनशील स्टाफ और संस्था के ट्रस्टीस को जाता है जिनके द्वारा दिए गये सुझावों के कारण ही आज संस्था सफलता के शिखर को छु रही है। श्री तन्खा ने कहा कि वे अपने सभी मित्रों और हितेषी जनों को ह्रदय से धन्यवाद देते हैं और आगे भी सभी लोगों और खासकर बच्चो के पालको और समाज को विश्वास दिलाते हैं कि गत 26 वर्षों से दिव्यांग बच्चो के सर्वगीण विकास की जिस डोर से हम सब बंधे हैं हम आगे भी इसी प्रकार मिल-जुलकर बच्चो के विकास का सफर जारी रखेंगे। तन्खा दंपत्ति ने कहा कि वे ह्रदय से उन सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं जिन्होंने संस्था के बच्चो हेतु अपना बहुमूल्य सहयोग दिया है।

यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल गोहलपुर में आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप

जबलपुर, यशभारत। यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल गोहलपुर में छात्रों को पाठ्यसहगामी गतिविधियों के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत आइसक्रीम एंड पॉप कैण्डी, सगुन लिफाफे, गिफ्ट बैग, पेन स्टैंड आदि बनाना सिखाया गया, जिसमें क्लास 1 से 8 तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभागिता की ।यह वर्कशॉप संस्था संचालक डॉ विजयकांत तिवारी जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य श्रीमती वर्षा झारिया, श्रीमती पूजा कोष्टा, सुश्री ज्योति यादव, श्रीमती संगीता तिवारी के साथ ही समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

कजरवारा की जनता पी रही चोई वाला पानी

भोगाद्वार फिल्टर से दिया जा रहा कीड़े वाला हरा पानी

जबलपुर, यशभारत। लक्ष्मी बाई वार्ड के अंतर्गत भोगाद्वार फिल्टर प्लांट से कजरवारा, शिवपुरी, पुरानी बस्ती, बिलहरी, बजरंग मुहल्ला , भीटा,टेमर, पिगरी में कीड़े वाला चोई वाले हरे पानी की सप्लाई की जा रही है, विगत दिनों क्षेत्र की पार्षद कृष्णा दास चौधरी ने भी नगर निगम सदन में सड़ा पानी जनता को सप्लाई करने की शिकायत की थी लेकिन अधिकारियों ने सुधार कार्य नहीं किया, लगाता है निगम के बे लगाम अफसर भी महापौर के इसारों पर काम कर रहे है।प्लांट के कर्मचारियों ने जानकारी दी है की जो नई पानी की टंकी बनी है उसका पानी हरा,चोई वाला है ।नई लाइन से कनेक्सन देकर जनता से नए कनेक्सन के 3800 सौ रूपये की उगाही की गई है जबकि पुरानी लाइन से कनेक्सन ट्रांफर किए गए थे।चोई लगे पानी की सप्लाई पिछले 15दिनों से की जा रही है,जनता ने अधिकारियों से अपनी समस्या बता कर निदान का निवेदन किया लेकिन भोगाद्वार फिल्टर प्लांट के अधिकारी समस्या का निदान नहीं कर रहे है।अटल उपाध्याय, विनय दाहिया, चिंटू पाल,संतोष यादव, सुनील उपाध्याय, अभय उपाध्याय,अरुण प्रशांत चौकसे ने पीने के सड़े पानी की जगह साफ पानी की सप्लाई करने की मांग की है। समिति ने चेतावनी दी है की जल्द साफ पानी की सप्लाई नहीं की गई तो प्लांट के सामने उग्र आंदोलन किया जाएगा ।

छला जा रहा अधिकारी कर्मचारी

कर्मचारी जगत ....

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल ना किए जाने पर रोष व्यक्त किया है, अनेक प्रदेश पेंशन बहाल कर चुकी है लेकिन प्रदेश सरकार लाभ नहीं दे रही है, सेवा निवृत्त पेंशन की पात्रता 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष भी की जा रही है, जस का तस लाभ नहीं दिया गया। मोर्चा के विश्वदीप पटेरिया,संतोष मिश्रा,नरेश शुक्ला ने बताया है को सेवा निवृत्ति आयु 65 वर्ष ना कर भेद भाव किया जा रहा है। शिक्षकों, डॉक्टरों की 65 वर्ष है सरकार महंगाई भत्ते के एरियर्स की राशि ना देकर अधिकारियों कर्मचारियों को आर्थिक हानि पहुंचा रही है, रमेश चंद्र शर्मा की समिति की अनुसंशा के अनुसार लिपिकों को भी मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान का लाभ एक अप्रैल 2006 से नहीं दिया गया है।यह लाभ 6 वर्ष पश्चात भी नही दिया गया , तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर आउटसोर्स के रूप में भर्ती गलत की जा रही है।भृत्य का पदनाम कार्यालय सहायक नही किया जा रहा जाबकी इसमें आर्थिक बोझ नहीं आना है । मोर्चा के रविकांत दहायत,योगेश चौधरी,मुकेश मरकाम,देव दोनेरिया,संजय गुजराल ने अनुकम्पा नियुक्ति / सहायक ग्रेड-तीन को निर्धारित समयावधि में सी. पी. सी. टी. परीक्षा उत्तीण करने की बाध्यता खत्म करना कर्मचारियों के लिए अत्यंत आवश्यक है,आगे बताया है की टैक्सी प्रथा बंद कर वाहन चालकों के रिक्त पदों पर भर्ती की जाना चाहिए मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय,प्रसांत सोधिया, अजय दुबे, धीरेंद्र सिंह , यूं एस करोसिया, योगेंद्र मिश्रा ,आसुतोष तिवारी ,दुर्गेश पाण्डे, मंसूर बेग, सुरेंद्र जैन, सतीश उपाध्याय,विनय नामदेव ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं के निदान की मांग की है ।

बच्चों ने किया गरमी के मौसम में ठंड का एहसास

इकिगाई किड्स की बेहतरीन पूल पार्टी

जबलपुर, यशभारत । फिर आ गया अप्रैल का नया सत्र, गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ, जहां बच्चों को अभी स्कूली परीक्षाओं से निजात नहीं मिल पाई है वहीं पारे ने मौसम का मिजाज ही बदल दिया है। गरमी से राहत देने के लिए इकिगाई किड्स ने अपने नन्हे-मुन्नों के लिए एक बेहतरीन पूल पार्टी का आयोजन किया था जिसे पूल पार्टी कहा जाता है। जो 15 अप्रैल को शाला के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया एवं खुशी का अनुभव किया। इस तरह की पूल और पानी की स्लाइड्स में बच्चों को ऐसा एहसास हुआ जिसके बाद वे गरमी को भूल गये और पिकनिक के माहौल में अपने को तरोताजा महसूस किया। इस दौरान बच्चों ने शीतल पेय पदार्थों का भी लुत्फ उठाया। यहां पर बच्चों के खास तरह की तैयारियां की गई थीं जिसके बाद बच्चों ने गरमी के मौसम में ठंड का एहसास किया।

थैलेसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों के लिए 67 यूनिट रक्तदान एकत्र

पंजाबी महासंघ की अनुकरणीय पहल

जबलपुर, यशभारत। पंजाबी महासंघ जबलपुर द्वारा सामाजिक क्षेत्र में एवं धार्मिक क्षेत्र में एवं सेवा क्षेत्र में नित्य नए आयाम रचे जा रहे हैं, इसी श्रंखला में समन्वय सेवा केंद्र छोटी लाइन फाटक पर थैलेसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों के लिए पंजाबी महासंघ जबलपुर में बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर का शुभारंम महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद द्वारा एवं आर एस एस के विभाग संघचालक डॉ कैलाश गुप्ता एवं डॉ जीतेन्द्र जामदार (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) की उपस्थिति के साथ हुआ। पंजाबी समाज के महिला व पुरुषों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने लगभग 27 यूनिट एवं पुरुषों में रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष श्री इंद्र मोहन भाटिया, सचिव अरविंद नैय्यर, कोषाध्यक्ष निखिल पाहवा, युवा समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन भाटिया, राकेश महाजन, डॉक्टर बी के डांग, योगेश भाटिया, युवा अध्यक्ष अंकित ग्रोवर, योगेश साहनी, रवीश अरोरा, सौरभ निश्चल, जितिन नारंग, संजय भाटिया, मनोज नारंग, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर मुकेश जयसवाल, धीरज सभरवाल, संजय चड्ढा, शिल्पी चड्ढा, अंजलि विग आदि का 40 यूनिट कुल 67 यूनिट रक्तदान किया।

अखिल चौरसिया बने अ भा आदर्श चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री

जबलपुर, यशभारत। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया ने अखिल चौरसिया जबलपुर म.प्र. को अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर नियुक्त किया। अखिल चौरसिया इसके पूर्व में भी सेवानिवृत महाप्रबंधक, उधोग विभाग में कार्यरत थे इसके साथ ही वे चौरसिया समाज जबलपुर के कार्यकारी अध्यक्ष थे और उनकी सक्रियता और कार्य के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री पद का यह दायित्व दिया गया है। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर समाज के सभी वरिष्ठ जन, मातृशक्ति एवं युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

डा. जीतेन्द्र लोधी द्वारा महाकौशल में पहली बार दूरबीन द्वारा टखने (Ankle) का सफल ऑपरेशन

जबलपुर, यशभारत। शहर के भरोसेमंद श्री मन्नूलाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल ने फिर एक बार चिकित्सा तकनीकी में नया कदम बढ़ाया। स्पोर्ट्स इंजुरी स्पेशलिस्ट डा. जीतेन्द्र लोधी द्वारा एक मरीज के टखने का ऑपरेशन दूरबीन (rthroscopy) पद्धति से किया। संतोष झारिया नाम का मरीज सैपुरा निवासी है। कुछ वर्षों से वह टखने और पंजे के दर्द से परेशान था। टखने में परेशानी से मरीज के पंजे की चाल कम हो गई थी। यहां तक कि मरीज सही तरीके से उकडू नहीं बैठ पा रहा था। डा.जीतेन्द्र सिंह लोधी से परामर्श एवम जांचों के बाद पता लगा की टखने की हड्डी बढ़ी हुई है, जो की परेशानी का मुख्य कारण है। मरीज को न के बराबर चीरा लगा के बढ़ी हुई हड्डी को दूरबीन द्वारा अलग करने का महत्व समझाया गया, जिसके लिए मरीज राजी हो गया। इस ऑपरेशन को अस्पताल के शकुशल हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जीतेन्द्र सिंह लोधी एवम निश्चेतना विशेषज्ञ डा. राजेश मिश्रा द्वारा सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। विगत दिनों इन्ही दो डॉक्टर की टीम ने 110 वर्षीय महिला की हड्डी टूटने का सफल ऑपरेशन भी किया था। अतः अब महाकौशल के मरीजों को हड्डी संबंधित एवम अन्य रोगों के नयी तकनीकि से इलाज के लिए दूसरे बड़े शहर जाने की जरूरत नहीं है। अपने शहर जबलपुर में इलाज संभव है।

सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा 28 से, भूमि पूजन

जबलपुर, यशभारत। महाराजपुर सुभाष नगर में आगामी 28 अप्रैल 2023 से 6 मई 2023 तक चलने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का ब्रम्हचारी चैतन्यानंद जी महाराज के द्वारा भूमि पूजन किया गया। जिसमे जबलपुर संस्कारधानी के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव, नित्यनिरंजन खंपरिया , मुकेश सोनी, मनीष पटेल, विवेक पटेल, श्रीमती विनीता यादव, श्रीमती प्रभा यादव, राकेश सैनी, एड. ब्रजेश दुबे, एड. श्याम सुन्दर बब्बू यादव, विमल जैन, वीरू उपाध्याय, सुश्री रुक्मणि गौंटिया, शीतल जैन, विनोद उपाध्याय, लक्ष्मी गौंटिया , रामकुमार यादव, अमरीश दुबे जी बिशन सिंह ठाकुर सूर्यकांत तिवारी किशन पटेल, अर्जुन पटेल, राजा सूर्यवंशी, राजेंद्र रजक, महेश चौहान, सुभाष पटेल , शंकर सिंह, राकेश नगाइच, रवि पटेल, सुरेंद्र सोनी, गनेश पटेल, सुरेश चढ़ार, राजेंद्र पटेल, आदित्य सिंह कुर्मी, दशरथ यादव, लक्ष्मण चौधरी, रब्बू सिंह, भूपेन्द्र दुबे, सतेंद्र पटेल, राजीव सिंह, आनंद जयसवाल, इंद्रजीत कोरी, मधूपाल सेंगर, अतुल विश्वकर्मा, रमेश रजक, , अमित मिस्त्रा, धर्मेन्द्र शुक्ला, अर्पित शुक्ला, राजेश शुक्ला, संजय तिवारी, रामू, श्यामू, नरेश तिवारी, सतीश उपाध्याय सी एल गोतम, बबलू द्विवेदी, रतन विश्वकर्मा, धीरज दुबे, राजकुमार विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, राहुल पाण्डेय, उत्तम दास बैरागी कवि, संजू बैरागी और सैकड़ो भक्त जन एवं छेत्रीय जन उपस्थित हुए।

व्हील चेयर क्रिकेट

छतरपुर ने जबलपुर को 5 विकेट से हराया

जबलपुर, यशभारत। रानीताल क्रिकेट स्टेडियम मेंव्हील चेयर क्रिकेट टीम द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जबलपुर और छतरपुर की टीमों के बीच टॉस कराकर किया। प्रतियोगिता में जबलपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ (निवारी) और गुना की टीमें भाग ले रही हैं। ओपनिंग मैच जबलपुर और छतरपुर के बीच खेला गया। जबलपुर ने पहले खेलते हुए 180 बनाये। जवाब में छतरपुर ने 5 विकेट खोकर 181 बनाकर जीत हासिल की। दूसरे मैच में गुना की टीम ने 10 ओवर में 50 रन बनाए। टीकमगढ़ ने यह लक्ष्य 5 ओवर हासिल कर लिया। इस अवसर पर संजय रजक, उत्तम राव, राजेन्द्र रजक, महेश सोनी, एड. गुरुप्रसाद सिंह कुशवाहा, रितेश मालवीय, अंकित सेन, एड. संदीप माली आदि उपस्थित रहे।

शहर हित में भूमि अधिग्रहण कर बनाएं नया जबलपुर

संस्कारधानी को भी महानगर बनाने विधायक विनय सक्सेना ने नगर निगम की सदन में दिये महात्वपूर्ण सुझाव

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम की विशेष बजट बैठक में उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना ने महापौर, अध्यक्ष, नेताप्रतिपक्ष, एवं सदन के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सदन में पहुँचने के लिए शुभकामनाएँ दी। इसके पश्चात उन्होंने शहर हित में तथा जबलपुर संस्कारधानी को भी राजधानी की तरह महानगर का स्वरूप प्रदान करने सदन में अनेकों महात्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि नगर निगम को चाहिए कि शहर हित में जमीन अधिग्रहण कर नया जबलपुर विकसित करें। उन्होंने इसके लिए कृषि उपज मंडी क्षेत्र की 80 एकड़, टेलीग्राफ फैक्टरी क्षेत्र की 85 एकड़, की जमीन अधिग्रहित करने के लिए भी तेजी से प्रयास करने को कहा।

विधायक श्री सक्सेना ने हाउबाग स्टेशन भूमि तथा छोटी लाइन फाटक से गौरीघाट नई सड़क बनाए जाने, संस्कृत विद्यालय का भुगतान कर प्राथमिकता के साथ निर्माण कराने के लिए भी सदन में कहा। उन्होंने साथ ही अहिंसा चौक से वासु डेरी तक सड़क का प्राथमिकता से निर्माण, सुपर मार्केट से कोतवाली सराफा तक यातायात सुधार में प्रयास किये जाए, निवाड़गंज मंडी कांग्रेस काल में प्रस्तावित योजनाओं को क्रियान्वित कराने के भी सुझाव दिये। उन्होंने सूजीपुरा में पानी की टंकी निर्माण के लिए विधायक निधि से सहयोग करने की बात भी सदन में कही। जलप्लावन, जल संकट के लिए विशेष योजनाएँ बनाएँ और अवैध कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया में गति लाएँ। नए शास्त्री ब्रिज फ्लाई ओव्हर का प्रस्ताव कांग्रेस काल में प्रस्तावित बजट में शामिल करने का प्रयास करें। इसके साथ-साथ उन्होंने अनेक विषयों को लेकर चर्चा करते हुए सदन में अपनी बात कही। श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि मैं अपनी विधायक निधि से शहर विकास के लिए सहयोग करूँगा।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

समरसता सेवा संगठन ने संत सेनजी महाराज की जयंती पर किया विचार गोष्ठी का आयोजन

श्रम की प्रतिष्ठा के साथ ईश्वर की आराधना ही संत बनाती है –प्रशांत वाजपेयी

जबलपुर, यशभारत। श्रम को प्रतिष्ठा के साथ ईश्वर की आराधना ही संत बनाती है और ऐसे ही संत थे सेनजी महाराज, जिन्होंने भक्ति मार्ग पर चलकर संपूर्ण समाज को दिशा दी, उक्ताशय के उद्गार प्रखर वक्ता, विचारक एवँ समाजसेवी श्री प्रशांत वाजपेयी ने समरसता सेवा संगठन द्वारा संत सेनजी महाराज की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी के अवसर में मानकुंवर मैरिज हाल दीनदयाल चौक में दिए।

मुख्य वक्ता के रूप में विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री वाजपेयी ने कहा भारत मे धर्म पर चर्चा हमेशा से होती आई है और धर्म की सही परिभाषा को हम नही समझ पाए और हिन्दू, इस्लाम, क्रिश्चियन, बौद्ध, जैन में बांटते गए किन्तु धर्म की सही परिभाषा है कि हम अपने आसपास जुड़े लोगों के लिए जो अच्छा सोचते और करते है वह धर्म है जैसे माता और पिता के लिए पुत्र का धर्म, शिष्य का गुरु के लिए शिष्य धर्म, पड़ोसी का पड़ोसी के लिए पड़ोसी धर्म और मानव का दूसरे मानव के लिए मानव धर्म, इसे हमारा धर्म माना जाता है किंतु उसकी परिभाषा बदल दी गई इसी के साथ अलग अलग समाजो में लोगो को बांट दिया गया जबकि पूर्वकाल में जाति या समाज जन्म से नही अपितु कर्म से तय होते थे और कोई किसी भी जाति या समाज का हो उसका आदर और सम्मान सभी करते थे किंतु कालान्तर में मुगलों और अंग्रेजों ने हमें तोड़ने का कार्य किया और जाति समाज मे विभक्त कर दिया जिसका परिणाम हुआ कि देश मे संत महात्माओं और महापुरुषों ने पूरे समाज को जो संदेश दिया वह अपनी अपनी जाति में बंध कर रह गया।

उन्होंने कहा सभी महापुरुषों और संत महात्माओं के विचारों को जन जन तक पहुँचाने और सबको समरसता के सूत्र में पिरोने की समरसता सेवा संगठन के माध्यम से यह सार्थक पहल है और आगे इसी तरह

आने वाली जयन्ती के कार्यक्रम में सभी समाज जाति के लोग शामिल होकर कार्यक्रम में समरसता का संदेश देंगे ऐसी अपेक्षा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रदीप विश्वकर्मा ने की एवँ सेन समाज की ओर से श्री संतोष उसरेटे, श्री मोहन उसरेटे विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम की प्रस्तावना एवँ स्वागत भाषण देते हुए संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा सभी समाज के आराध्य महापुरुषों की जयंती को समरसता सेवा संगठन द्वारा इसी तरह विचार गोष्ठियां एवँ सम्मान समारोह आयोजित कर मनाया जाएगा जिसकी शुरुआत विगत दिवस परम पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के शुभाशीष से हुई है। उन्होंने बताया प्रथम कार्यक्रम के पश्चात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई थी इसके बाद सेन जी महाराज की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती के कार्यक्रम भी संगठन द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सेन समाज के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज अग्रवाल एवं आभार सचिव उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नारायण प्रसाद श्रीवास, विजय सेन, उमाशंकर सेन, जयश्री सेन, केएल सेन, नरेंद्र श्रीवास, गुरु श्रीवास, राजेश कुमार श्रीवास, लखनलाल सेन, गौरीशंकर सेन, संतोष सेन, प्यारेलाल श्रीवास, अशोक श्रीवास, रामचरण उसरेटे, शिवबहादुर सेन आदि का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संगठन के अखिल मिश्रा, राजीव राठौर, अरुण अग्रवाल, राजेश ठाकुर, अनिल सोनी, अजय यादव, रामेश्वर चौधरी, अजय सोनकर, संतोष झारिया, कुलदीप सेन, विजय यादव, राहुल दुबे, अभिषेक तिवारी, राहुल जैन, अमित जैन बासु, रवि शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, विशाल साहू, वैभव जैन, गौरव मांझी आदि उपस्थित थे।

परशुराम जन्मोत्सव पर मानस भवन ने होगा विशाल देवी जागरण

संपूर्ण ब्राह्मण महासभा के विप्रजनों का 20 को होगा सम्मान

जबलपुर, यश भारत। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर संपूर्ण ब्राह्मण महासभा के द्वारा मानस भवन में 20 अप्रैल गुरुवार को विशाल ब्राह्मण एकत्रीकरण कार्यक्रम एवं भव्य विशाल देवी जागरण आयोजित किया गया है। संपूर्ण ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित समीर दीक्षित ने बताया कि 20 अप्रैल को मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के 100 विप्रजनों को समाज रत्न से सम्मानित किया जाएगा और भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर उनके गुणगान के साथ मनोहर झांकियां भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगी ।इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। पंडित समीर दीक्षित के अनुसार विशाल देवी जागरण में सुप्रसिद्ध गायक राजेश कपूर, नयन कपूर के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी । संपूर्ण ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय मिश्रा, विनोद तिवारी सहित अन्य कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

संस्कृतभारती का सप्त दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग के उद्घाटन

जबलपुर, यशभारत। संस्कृतभारती का सप्त दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग के उद्घाटन कार्यक्रम मुख्य अतिथि अनुराग सोनी (ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के संस्थापक), अध्यक्षता सुरेन्द्रमणि धर्मजागरण संस्कृति समन्वय के प्रान्त प्रमुख,डॉ मनोज पाण्डेय (प्रान्त संगठन मन्त्री संस्कृतभारती)डॉ राधिका प्रसाद(प्रान्त अध्यक्ष), डॉ कीर्ति कुमार (प्रान्त मंत्री),डॉ चंद्रकुमार चौकसे (वर्ग पालक)विशिष्ट अतिथि डॉ शिवकुमार व्यास, एडवोकेट विपिन मिश्र एवं सम्पूर्ण प्रान्त से आये हुए शिक्षार्थी प्रशिक्षण शिविर उपस्थित रहे।

ओम कला मंदिर में धूमधाम से मनाया गया 16 वां स्थापना दिवस, महाआरती के साथ होगा विशाल भंडारे का आयोजन

जबलपुर, यशभारत। लालमाटी चांदमारी स्थित ओम कला दुर्गा मंदिर में सोमवार को 16 वां स्थापना दिवस और माता रानी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर माता जी की महाआरती की गई, महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किए, जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 में लालमाटी चांदमारी में ओमकला दुर्गा मंदिर की स्थापना हुई थी जहां मां भगवती की प्रतिमा का भक्त जनों के द्वारा पूजन अर्चन किया जाता रहा है। ओम कला दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय रहवासियों के सहयोग से मंदिर

की स्थापना की गई थी और बड़ी धूमधाम से मां भगवती का पूजन कर अमन चैन की प्रार्थना की गई । इसके साथ ही मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने कहा कि पूरे भारत देश में एकजुटता सभी को बनाए रखने पड़ेगी जिससे कि हिंदू राष्ट्र संभव हो सकेगा ।अभी वर्तमान में हालात भारत देश में बिखराव के हैं इसे सुधारने की बहुत जरूरत है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अरुण उपाध्याय सचिव कपिल विश्वकर्मा संरक्षक कल्लू बाबा, राहुल रामानी, दीपक शुक्ला, सचिन सिंह ठाकुर, सर्वेश विश्वकर्मा, मोंटू यादव सहित समिति के सभी वरिष्ठ जन एवं सदस्य उपस्थित रहे।

देहदान करने वाले 16 महिला और पुरुषों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

देहदान कर्ताओं ने कहा कि हमारी आंखों से कोई दुनिया देखें, हृदय बनकर धड़के

जबलपुर, यशभारत। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन ने देहदान करने वाले 16 महिला और पुरुषों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया इस अवसर पर देहदान करने वाली श्रीमती विशाखा तिवारी ने कहा कि हमारी मृत्यु के बाद यदि कोई हमारी आंखों से दुनिया देखे। इससे अच्छा और क्या हो सकता है। मानवीयता के लिए कम से कम इतना तो किया जा सकता है। श्रीमती प्रतिष्ठा द्विवेदी ने कहा उन्होंने मृत्यु के उपरांत देहदान एवं अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरा ताकि ताकि समाज और देश के काम आ सकें तो सेवानिवृत्त प्रोफेशर डॉ. गुलशन राय चक्रवर्ती कहते हैं कि हमारे कारण किसी को जीवन मिल सके, किसी का हृदय बनकर धड़कें, इससे बड़ा पुण्य क्या हो सकता है। ऐसी सोच रखने वाले लोगों की संख्या शहर में बढ़ते जा रही है। विशाखा तिवारी, डॉ चक्रवती और प्रतिष्ठा द्विवेदी की तरह देहदान और अंगदान का संकल्प करने के लिए जिले में ऐसे 478 महिला पुरुष हैं, जिन्होंने जिला प्रशासन को संकल्प पत्र दिया है। मृत्यु के उपरांत काया की कीमत नहीं रहती। लेकिन यह मानवजाति के किसी काम आ सके तो यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। यह भावी चिकित्सकों के लिए शरीर विज्ञान के अध्ययन के काम भी आता है। कई बार इसकी कमी रहती है। जिले में देहदान और अंगदान का संकल्प पत्र भरने वालों का रिकॉर्ड भी बन गया है। कुछ युवक और युवतियों ने इसमें दिलचस्पी दिखाते संकल्प पत्र जमा किए हैं। आए दिन इनकी संख्या बढ़ रही है।

14 देह मेडिकल कॉलेज को मिली

शरीर विज्ञान को समझने के लिए चिकित्सकों को मानव देह की बहुत आवश्यकता होती है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भावी चिकित्सकों को इसकी कमी नहीं है। देहदान का संकल्प लेने वाले 14 लोगों की देह चिकित्सा छात्रों को मिली है।

सम्मानित हुए

ऋषि चौरसिया एवं उनकी पत्नी कृष्णा चौरसिया घमापुर चौक, श्रीमती प्रतिष्ठा द्विवेदी त्रिमूर्ति नगर, श्रीमती विशाखा तिवारी न्यू रामनगर अधारताल, श्रीमती संगीता पांडे घमापुर, डॉक्टर गुलशन राम चक्रवर्ती एपीआर कॉलोनी श्रीमती प्रीति तिवारी नेपियर टाउन, श्रीमती विभूति झा गोरखपुर, श्रीमती मनोरमा शर्मा गोरखपुर राजेंद्र कुमार वर्मा उनकी पत्नी साधना वर्मा सोनपुर, जितेन कुमार भसीन उनकी धर्मपत्नी वंदना भसीन ग्वारीघाट जागेश्वर प्रसाद विजय नगर राहुल मिश्रा ज्योति नगर गढ़ा श्रीमती पुष्पा बड़ेरिया निवासी कोतवाली।

बाबा साहब के जीवन से सीख लेते हुए सबको अपने- अपने कर्तव्यों को निभाना है: डीआरएम

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई

जबलपुर यशभारत। मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने मंडल के सभी रेलकर्मी साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब के आदर्श जीवन से सीख लेते हुए हम सब को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर सामाजिक एकता, अनुशासन, सहिष्णुता और बुद्धिमत्ता से अपने-अपने कर्तव्यों को निभाना है। हमें बाबा साहेब के असीम साहस और जुझारू व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए रेलवे की छवि निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देना है। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता विराट गुप्ता , वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक यशवंत कुमार , वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टी आर ओ) राम भदन मिश्रा , मंडल कार्मिक अधिकारी संजय कुमार , डी सी एम सुनील श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविंद पांडेय , पंकज सिंह सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे। इससे पूर्व जबलपुर मंडल पर सभी स्टेशन एवं डिपो कार्यालयों में रेल कर्मियों द्वाराभारत रत्न बाबा साहब डॉ.बी.आर.अंबेडकर जी की 132वीं जयंती बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर, श्रद्धासुमन अर्पित कर गरिमामय तरीके से मनाई गई।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग,

निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/33 दिनांक 17.04.2023

पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.	पैकेज /कोड	कार्य का विवरण	जिला	अनुमानित लागत (लाख में)	निर्माण अवधि (माह में)
1	सं.क्र.-10	महर्षि सुदर्शन वार्ड में सामुदायिक भवन के पीछे से दुर्गा मंदिर होते हुये पूर्व पार्षद महोदय के निवास की ओर एम-30 सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। (तृतीय निविदा)	जबलपुर	रू. 42.20 लाख (बयालीस लाख बीस हजार रूपये मात्र)	03 माह
2	सं.क्र.-10	शहीद भगत सिंह वार्ड में बड़ा पत्थर एवं सर्रा पीपल बस्ती, रविदास नगर बस्ती एवं सोनकर मोहल्ला से सी.सी. सड़क नाली पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद अनुसंशा)(चतुर्थ निविदा)	जबलपुर	रू. 5.07 लाख (पांच लाख सात हजार रूपये मात्र)	02 माह
3	सं.क्र.-10	शहीद भगत सिंह वार्ड में रविदास नगर क्षेत्र में राजा झारिया के घर से जमुना चौधरी तक सी.सी. सड़क निर्माण का कार्य। (पार्षद अनुसंशा) (चतुर्थ निविदा)	जबलपुर	रू. 1.68 लाख (एक लाख अड़सठ हजार रूपये मात्र)	02 माह
4	सं.क्र.-10	अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत शारदा नगर में कंधीलाल से भजन लाल एवं रामकुमार लोधी से शुक्ला जी के घर तक पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद अनुसंशा) (चतुर्थ निविदा)	जबलपुर	रू. 2.28 लाख (दो लाख अट्ठाइस हजार रूपये मात्र)	02 माह
5	सं.क्र.-10	अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत शारदा नगर में रामदास के मकान से आशीष शुक्ला एवं अनिल मलिक से गोविंद समुन्दे तक पेवर ब्लाक का कार्य (पार्षद अनुसंशा) (चतुर्थ निविदा)	जबलपुर	रू. 2.63 लाख (दो लाख तिरसठ हजार रूपये मात्र)	03 माह
6	सं.क्र.-10	अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत रक्षा कालोनी केवट मोहल्ला एवं चौधरी मोहल्ला में सड़कों का सीमेन्टीकरण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) (तृतीय निविदा)	जबलपुर	रू. 6.66 लाख (छः लाख छियासठ हजार रूपये मात्र)	02 माह
7	सं.क्र.-10	संभाग क्र. 10, रांझी के अंतर्गत भगत सिंह वार्ड स्थित रांझी मुक्तिधाम में शेड लगाने के साथ अन्य कार्य। (द्वितीय निविदा)	जबलपुर	रू. 12.69 लाख (बारह लाख उनहत्तर हजार रूपये मात्र)	03 माह
8	सं.क्र.-10	संभाग क्र. 10, रांझी के अंतर्गत गोकलपुर वार्ड स्थित मुक्तिधाम की आवश्यक मरम्मत पेवर ब्लॉक एवं अन्य कार्य। (द्वितीय निविदा)	जबलपुर	रू. 19.48 लाख (उन्नीस लाख अड़तालीस हजार रूपये मात्र)	03 माह
9	सं.क्र.-10	संभाग क्र. 10, रांझी के अंतर्गत गोकलपुर वार्ड अम्बेडकर वार्ड शहीद भगत सिंह, महर्षि सुदर्शन वार्ड एवं लाला लाजपत राय की क्षतिग्रस्त सड़को का डामलीकरण का कार्य । (आठवी निविदा)	जबलपुर	रू. 32.77 लाख (बत्तीस लाख सतहत्तर हजार रूपये मात्र)	03 माह

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है। 2. निविदा प्रपत्र दिनांक 18.04.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 02.05.2023 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, संभाग क्र.10, रांझी, नगर निगम जबलपुरे

मेडिकल में वन स्टॉफ सर्जरी शिविर

जबलपुर, यशभारत। हाइपोस्पाडियास (मूत्र का छिद्र निचली सतह पर होना) हेतु वन स्टॉप सर्जरी का आयोजन मेडिकल कॉलेज के शिशु शल्य क्रिया विभाग में किया जा रहा है जिसमे निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। ये समस्या 150 में से एक बच्चे में पाई जाती है और इसका इलाज समय पर होना आवश्यक है, अन्यथा लिंग के विकास पर असर पड़ता है। अभी तक 50 के ऊपर रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और यह अभियान आने वाले 3 माह तक चलेगा। यह कार्यक्रम जबलपुर सर्जेंस एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा। अपॉइंटमेंट के लिए आम जन संपर्क डॉक्टर विकेश अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, शिशु शल्य क्रिया, विभाग डॉक्टर राजेश मिश्रा, नोडल अधिकारी, वन स्टॉप सर्जरी कर सकते हैं।

श्री साई बाबा मंदिर कछियाना का 6वाँ स्थापना दिवस आज

जबलपुर, यशभारत। श्री साई बाबा मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 18 अप्रैल को बाबा का स्थापना दिवस पूजन-अर्चन कर महाआरती विशाल भण्डारा, भजन संध्या का कार्यक्रम शाम 6 बजे से कछियाना लार्डगंज गार्डन साई मंदिर परिसर में किया गया है जिसमें साई भक्त अपनेक भजनों की प्रस्तुति देंगे व जबलपुर के जितने भी साईधाम मंदिर समिति के संयोजक हैं इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। महाआरती में सवश्री महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) भैया विधायक लखन घनघोरिया, रजनी - कैलाश साहू पार्षद, शरद जैन, विधायक विनय सक्सेना, कमलेश अग्रवाल, वेद प्रकाश जी. शरद अग्रवाल, चिन्टू पटेल, रमेश साहू, आलोक पाठक, अमित जैन (पूर्व पार्षद), श्रीमती निशा संजय राठौर (पूर्व पार्षद, गोलू पटेल, चंद्रशेखर दवे, दुर्गेश शाह, सुनील खम्परिया, पप्पी सहयोगी आदि ने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

कांग्रेस का संकल्प सत्याग्रह

जबलपुर, यशभारत। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी की संसद सदस्यता निरस्त किये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के और प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ,राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन के निर्देश पर चलाये जा रहे संकल्प सत्याग्रह जो 5 अप्रेल से 17 अप्रेल तक पूरे देश में चलाये जा रहा है इसी कार्यक्रम के तहत गौरीघाट झंडा चौक पर संकल्प सत्याग्रह किया गया इस कार्यक्रम के संयोजक विवेक अवस्थी ने बताया कि सभी आठों विधानसभा के लोगों हिस्सा लेकर इस कार्यक्रम की हिस्सा लेकर राहुल जी सदस्यता निरस्त किये जाने को ग़लत ठहराया ओर चुटका परियोजना निरस्त की माँग की इस अवसर पर बरिष्ठ नेता मदन तिवारी नन्हे लाल धुर्वे राज़कुमार सिन्हा कमला पटेल ज़िला अध्यक्ष राजीव गाँधी पंचयात राज़ राजेश सोनी खेल प्रकोष्ठ ज़िला अध्यक्ष नेम सिंग जी महेश पसीनेयुवराज तिवारी सरमन रजक संतोष चोकसे राजेश सोनकर भूसन धर बड़गैयाउमेश पटेल पप्पू मरवाह सहित बड़ी संख्या महिलायें युवक ने भाग लिया उसके बाद तहसीलदार ज्ञापन दिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T. NO/ PWD/ e-tendering/ PRO/ 32 Dated 17/04/2023

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.	पैकेज/ कोड	कार्य का विवरण	जिला	अनुमानित लागत (लाख में)	निर्माण अवधि (माह में)
1.	संभाग क्रं- 10	रांझी अंतर्गत अम्बेडकर वार्ड में कटनी दफाई सामुदायिक भवन में संजीवनी क्लीनिक संचालन हेतु समुचित व्यवस्था एवं पार्टीशन कार्य	जबलपुर	रु. 9.91 लाख नौ लाख इक्यान्नवे हजार रूपयें मात्र	3 माह

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptenders.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 20.04.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 06.05.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यलय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2022-23/105 धनपुरी दिनांक :- 17/4/2023

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित विद्युत सामग्री सप्लाई हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत एवं जेम पोर्टल पर पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन जेम पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट GEM Portal पर देखा जा सकता है ।

क्र	जेम बिड क्रमांक एवं दिनॉक	कार्य का नाम	सामग्री प्रदाय की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	GEM/2023/B/3347993 Dt-13.04.2023	नगर पालिका परिषद् धनपुरी क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु विभिन्न विद्युत सामग्री क्रय बावत्	वित्तीय वर्ष 2023-24 180.00 लाख	— 90000/-	12.05. 2023 तक

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन GEM Portal की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनपुरी
जिला-शहडोल म.प्र.

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू. क्रं-01/2023-24/48 भोपाल दिनांक-12/04/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन(निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से www.mptenders.gov.in(Department of Directorate of Health Services 03 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर.15.09.2022(निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित)दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

ई-निविदा सूचना क्रमांक-01/2023-24

सं. क्रं	टेण्डर नं. 2023_DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि रू. लाख में	जमा धरोहर राशि रू. में	टेण्डर दर राशि रू. में	समय सीमा
1	2023_DHS_ 265208	जिला चिकित्सालय मण्डला मे मेटरनिटी विंग के उन्नयन का कार्य।	125.78	125780.00	12500.00	09 माह वर्षा काल सहित

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र(टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 13.04.2023 से 27.04.2023 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, के पक्ष में देय हो।धरोहर राशि एवं वित्तीय आफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-जबलपुर माधवराव सप्रे मार्ग, मुख्य मार्ग क्रमांक-03, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी।विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईड में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किये जायेंगें एवं निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग-जबलपुर

जी-11568/23

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रं.-2, जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001
निविदा आमंत्रण सूचना क्रं.32/व.ले.लि./2023-24

फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333
ई- मेल eepwd2jbp@nic.in
जबलपुर, दिनांक 12.4.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्रं.-32

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

सं क्रं.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनु. राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
1.	2023_PWDRB-266788_Pack1	सगड़ा-लम्हेटाघाट- भेड़ाघाट मार्ग में मरम्मत एवं डिवाईडर पेंटिंग एवं अन्य कार्य।	प्रथम	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह (वर्षा ऋतु सहित)
2.	2023_PWDRB-266789 _Pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड जबलपुर स्थित विभिन्न बंगलों में वाटर प्रूफिंग का कार्य।	प्रथम	19.90 लाख	40000/-	2000/-	04 माह (वर्षा ऋतु सहित)
3.	2023_PWDRB-266790 _Pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड जबलपुर स्थित ऑफीसर्स बंगलों में सीवर लाईन, वाटर सप्लाई एवं अन्य मरम्मत कार्य	प्रथम	19.95 लाख	40000/-	2000/-	04 माह (वर्षा ऋतु सहित)
4.	2023_PWDRB-266791 _Pack1	मुख्यालय उपखंड सिहोरा स्थित आवासीय भवरों में एम.ओ.डब्ल्यू. विशेष मरम्मत कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य।	प्रथम	9.90 लाख	20000/-	2000/-	04 माह (वर्षा ऋतु सहित)

टीप- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि दिनांक 18.04.2023 समय 10.30 से दिनांक 02.05.2023 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्रं.-2 जबलपुर

जी-11572/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

पाकिस्तान में जितने आतंकवादी नहीं होंगे उससे अधिक हमारे देश में गद्दार है। जो देश का खाता हो और पाकिस्तान जैसे मुल्कों का बजाता हो वह गद्दार नहीं तो और कौन है? हमें आतंकवादियों से कम, गद्दारों से ज्यादा खतरा है। भारत तेरे टुकड़े होंगे, इन्सा अल्लाह... इन्शा अल्लाह...जैसे देश विरोधी नारे लगाने वालों पर नकेल जरूरी है।

-मुनिश्री तरुण सागर

संपादकीय

मौसम में अप्रत्याशित बदलाव घातक

मौसम में बदलाव कुदरत का नियम है। इस माह के आरंभ में जहां लोग वातावरण में ठंड महसूस कर रहे थे, पहाड़ों में बर्फबारी हो रही थी और मैदानों में ओला व वर्षा जारी थी। वहीं पिछले कुछ दिनों में मौसम अचानक बदला और बात पारे के चालीस पार जाने की सामने आ गई है। यहां तक कि मौसम विज्ञानी पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में लू की चेतावनी देने लगे हैं। ठंड के बाद गरमी और गरमी के बाद बरसात कुदरत के शाश्वत नियम हैं। लेकिन यह परिवर्तन निर्धारित समय के साथ धीरे-धीरे होता है। जिसमें मानव शरीर धीरे-धीरे उसके अनुकूल खुद को ढाल लेता है। ऐसा ही फसलों व फलों के वृक्षों का भी है, वे मौसम के अनुसार ही खिलते और फलते हैं। हो सकता है अंतिम वैज्ञानिक शोध निष्कर्ष बाद में आएं, लेकिन हमारी फसलों की गुणवत्ता व मात्रा में इस अप्रत्याशित मौसम से गिरावट दर्ज की जा रही है। मानव जाति के लिये यह चेतावनी है कि कुदरत का अंधाधुंध दोहन बंद करके अपनी विलासिता पर लगाम लगाए ताकि वातावरण में तापमान नियंत्रित रह सके। जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बच सकें। अप्रत्याशित मौसम बदलाव का असर जहां हमारी खाद्य सुरक्षा को जोखिम में डाल रहा है, वहीं तमाम तरह की बीमारियों का भी जन्म हो रहा है। दरअसल, बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने तथा मनुष्य की पैसा कमाने की हवस ने हमारे खाद्यान्नों व फल-सब्जियों में इतने रासायनिक पदार्थ भर दिये हैं कि आम आदमी की जीवनी शक्ति लगातार कमजोर होती जा रही है। जिसके चलते हमारा शरीर मौसम की तीव्रता को झेल पाने में सक्षम नहीं हो पाता। दो मौसमों के संधि काल में ज्यादातर लोग फ्लू आदि बीमारियों के शिकार होते रहे हैं। कोरोना संक्रमण भी कमोबेश उन्हीं लक्षणों को दर्शाता है जो मौसम में बदलाव के दौरान आम समय में उभरते रहे हैं। दरअसल, असली खोट हमारी जीवन शैली व खानपान में है। पहले कहा जाता था कि मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। हर साल गर्मी में लू से, ठंड में शीतलहर से और वर्षा ऋतु में बाढ़ से सिर्फ गरीब ही मरता है। लेकिन अब देखने में आ रहा है कि वातानुकूलित वातावरण में रहने वाली तथा पिज्जा-बर्गर खाने वाली पीढ़ी ज्यादा मौसमी बदलावों के प्रभाव की शिकार हो रही है। विडंबना यह है कि हमने शरीर की जीवनी शक्ति कृत्रिम शक्तिवर्धक पदार्थों व रासायनिक दवाओं में तलाशनी शुरू कर दी है। हमारे सेहतमंद रहने का सिर्फ और सिर्फ एक ही उपाय है कि हम जितना प्रकृति के करीब रहेंगे, अपने आसपास पैदा होने वाले फल, सब्जी व अनाज का उपयोग करेंगे, उतना स्वस्थ होंगे। हर शहर व कस्बे की भौगोलिकता व हवा-पानी के अनुसार जिन खाद्यान्न व फलों को खाने की संस्तुति हमारे पूर्वजों ने की थी, उसका सीधा संबंध मौसम के बदलाव के दौरान हमारे स्वास्थ्य की रक्षा से जुड़ा है।

आर्थिक विषमता को गहरा करेगी नयी प्रौद्योगिकी

आधुनिक जीवन में जब विकास यांत्रिक खोजों के सहारे होने लगा है तो व्यक्ति सोचने के लिए विवश हो गया है कि यह कृत्रिम विकास और उससे पैदा होने वाली यांत्रिक तीव्रता एक अभिशाप है या वरदान। जाहिरा तौर पर यह वरदान ही लगती है। रोबोट बनाए तो उन्होंने आदमी का रुचिकर या अरुचिकर काम करना शुरू कर दिया लेकिन उनके कारण जो लोग बेरोजगार हो गये उनके लिए यह तो अभिशाप ही है। उसी तरह से इंटरनेट, चिप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धि का विकास हुआ। विद्वानों ने कहा कि देख लो यह है वैश्विक अवधारणा के साथ असल वसुधैव कुटुम्बकम?। अच्छी बातें भी हैं इसमें, मरीज को चिकित्सा, दिल्ली में बैठे-बैठे विदेशों के महान विशेषज्ञों द्वारा मिल सकती है और इसी प्रकार छात्र को शिक्षा भी जीचैट देने को तैयार बैठी है। हम 4जी से 5जी और 5जी से 6जी होते जा रहे हैं लेकिन यह त्वरित सूचना क्रांति ठगी का एक महान संकट भी पैदा करके आई है।

अभी यह सोच चल ही रही है कि यह यांत्रिक विकास मानवीय जीवन के लिए कितना सुविधाजनक है? सुविधाजनक तो सचमुच है अगर यह मानवीय व्यवहार का सहयोगी है। लेकिन यदि यह मानवीय व्यवहार पर छा जाने लगा और आदमी हर बात में गूगल पर निर्भर करने लगा तो उसमें से पूर्वाग्रहयुक्त जानकारी उसे गलत सोच के रास्ते पर भटका भी सकती है।

लेकिन अभी एक नये आविष्कार ने दुनिया को हिला दिया। यह आविष्कार है चैटजीपीटी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के धरातल पर यह एक चमत्कार करने वाला आविष्कार है जो आदमी के निर्देश पर एक क्षण में वह सब बता देता है जिसे लिखने, खोजने या सोचने में कई घंटे लग जाते हैं। उलझनों और सवालों के जवाब यहां हैं। बेशक लगेगा कि यह तो मौलिक चिंतन पर बहुत बड़ा आघात है लेकिन छात्रों से लेकर कर्मचारियों तक और कर्मचारियों से लेकर निर्देशकों तक -सब ने अपने निबंध और प्रोजेक्ट आदि इस कृत्रिम बुद्धि के वरदान से तैयार करने शुरू कर दिए हैं लेकिन असल दुनिया पर नजर डालें तो दुनिया में असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। खर्च करने की सामर्थ्य चंद लोगों की ही बढ़ी है, वहीं बहुतों की घट गई है। महंगाई ने उन्हें पंगु बना दिया है। ऐसी हालत में अगर चैटजीपीटी को बड़े पैमाने पर विद्यालयों से लेकर योजनाओं तक अपना लिया जाता है तो इसकी भारी-भरकम कीमत क्या निर्धन दे सकेंगे?फिलहाल इस चैटजीपीटी-4 को विकसित करने वाली कंपनी इसके लिए 20 डॉलर प्रति महीना मांग रही है यानी 3200 रुपये हर महीना। क्या देश के सब छात्र इसे दे सकेंगे? हालांकि यह सही है कि ये आविष्कार पहले की तुलना में बहुत उन्नत हैं। आर्थिक रूप से सक्षम कोई शिक्षक, छात्र या मोटिवेशनल स्पीकर तो इसका इस्तेमाल करके अपने काम को चार चांद लगा लेगा। लेकिन छात्रों, शिक्षकों या व्यवसायियों का जो वर्ग इतनी कीमत नहीं चुका सकता, वे पिछड़ जाएंगे।हम लघु और कुटीर उद्योगों के विकास की बहुत बात करते हैं। इनकी रोजगार पैदा करने की सामर्थ्य की चर्चा भी बहुत है लेकिन अगर इसमें चैटजीपीटी को अपना लिया जाए तो इसकी लागत कहां जाएगी? बड़े उद्योगों के मुकाबले में छोटे और कुटीर उद्योगों के लिए यह एक घाटे का सौदा ही होगी। मसलन बच्चों को ले लें। बहुत से बच्चे तो आरक्षण की छात्रवृति से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनके पास भोजन तक के पैसे नहीं, और वे मध्याह्न

भोजन से गुजारा करते हैं। ऐसे लोगों में क्या चैटजीपीटी बांटा जाएगा? तो वे शिक्षा संबंधी प्रतियोगिता में धनी स्कूलों का मुकाबला कैसे करेंगे? फिर चैटजीपीटी-4 की यह यांत्रिक शक्ति भाषाओं के लिए, विशेष रूप से स्थानीय भाषाओं के लिए तो उनकी नाराजगी का कारण ही न बन जाए। अभी तक जो विकास चैटजीपीटी या चैटजीपीटी-4 का हुआ है, उसमें सही जानकारी अधिकतर अंग्रेजी भाषा में आ रही है। फिर इसके स्थानीयकरण की कोशिश होगी। इंटरनेट में अनुवाद करने वाली मशीनरी तो इतनी कमजोर है कि अर्थ का अनर्थ कर देती है। जब तक यह तकनीक स्थानीय भाषाओं में विकसित होगी, तब तक तो न जाने दरिया में कितना पानी बह जाए। इसलिए अब जब शिक्षा, शोध और नौकरी तक नौजवान पीढ़ी को अपने प्रोजेक्ट तैयार करने पड़ेंगे तो क्या वे अंग्रेजी भाषा की ओर नहीं भागेंगे? जिस भाषा में यह चैटजीपीटी उन्हें सुविधा दे रहा है। वहीं चैटजीपीटी ने सुरक्षा की जानकारी में भेद लगाने भी शुरू कर दिए हैं। बहुत से देश तो इस आशंका से त्रस्त हो गए हैं कि इतनी असीम ताकत वाली बुद्धि का मशीनीकरण वह सह नहीं पाएंगे। चीन ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि उसे डर है कि उसके अमेरिका जैसे शत्रु देश , इस यंत्र से उन्हें गलत जानकारियां देकर भटका सकते हैं। रूस ने भी यही प्रतिबंध लगाया है। ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा और सीरिया में भी सुरक्षा कारणों से इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है।

लेकिन यांत्रिक विकास से डरने की जरूरत नहीं होनी चाहिये। जिन्होंने इसका विकास किया है, उन्हें इसके गलत इस्तेमाल को रोकने के अवरोध भी बना देने चाहिए थे। दूसरी बात यह कि आखिर इस तकनीक का इस्तेमाल तो व्यक्ति को ही करना है। व्यक्ति ही सर्वोपरि है। इसलिए ऐसी तरक्की पर प्रतिबंध की जरूरत नहीं बल्कि लोगों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। अगर हम मोबाइल और इंटरनेट क्रांति का पूरा प्रशिक्षण लोगों को प्रदान कर दें तो ठगी बंद हो जाएगी। चैटजीपीटी के इस्तेमाल का पूरा प्रशिक्षण साधारण आदमी को भी मिल जाए तो वह इसके गलत इस्तेमाल के रास्ते में दीवार बन जाएगा क्योंकि वह सही और गलत जानकारी की पहचान कर लेगा जैसा कि अभी गूगल के मामले में भी हो रहा है।

लेकिन एक त्रुटि का निराकरण शायद न हो सके, वह है आर्थिक सामर्थ्य में असमानता का। वर्तमान में हर देश में गरीब और अमीर के बीच फासला बढ़ रहा है। करोड़पतियों के मुकाबले में गरीब लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। अब या तो इस असमानता और भेदभाव को खत्म किया जाए या फिर तब तक ऐसी सामर्थ्यवान यांत्रिकता चंद धनकुबेरों की गठरी में ही न डाल दी जाए। यांत्रिकता की सार्वभौमिकता व व्यापकता के लिए गरीबों के पक्ष में इसका निःशुल्क वितरण करना भी जरूरी होगा यदि असल में हम चाहते हैं कि गरीब और अमीर बौद्धिक रूप से एक जैसा विकास करें।

-सुरेश सेठ

भूस्खलन और जलवायु परिवर्तन की चुनौती

अभी तक लगभग सात लाख लोग चार धाम यात्रा के लिए अपना पंजीयन करवा चुके हैं। अकेले बदरीनाथ के लिए चार लाख से अधिक पंजीयन हैं। इसके अलावा सरकार ने घोषणा की है कि उत्तराखंड के स्थानीय लोगों को पंजीयन की जरूरत नहीं है। हेलीकाप्टर सेवा का पंजीयन शुरू हुआ और 30 अप्रैल तक के सभी 6263 टिकट बिक गए। याद रहे गत वर्ष एक लाख 36 लोगों ने हेलीकाप्टर सेवा का इस्तेमाल किया था। विदित हो गंगोत्री-यमुनोत्री के पट 22 अप्रैल को खुल जायेंगे जबकि बदरीनाथ के 27 को। इसी साल जनवरी में जोशीमठ शहर का धंसना शुरू हुआ था, जो अभी भी जारी है, बस अब किसी को उसकी परवाह नहीं है। ऋषिकेश से बदरीनाथ तक का राष्ट्रीय राजमार्ग जोशीमठ होते हुए ही चीन की सीमा पर बसे माणा तक जाता है, इस मार्ग का 12 किलोमीटर हिस्सा जोशीमठ से गुजरता है। जोशीमठ में बरपे कुदरती कहर के बाद 81 परिवारों के 694 लोगों पर नई आफत आ गई है क्योंकि अभी तक तो ये लोग शहर के निरापद हिस्से में बने होटल-धर्मशालाओं के एक-एक कमरे में जैसे-तैसे दिन बिता रहे थे, अब इनको यह स्थान खाली करने को कह दिया गया है क्योंकि चार धाम यात्रियों की बुकिंग आने लगी है। सरकार ने ढाक में कुछ प्री-फेब्रिकेटेड मकान बनाये हैं लेकिन अभी उनका वितरण नहीं हुआ है।



जब दुनिया पर जलवायु परिवर्तन का कहर सामने दिख रहा है, हिमालय पहाड़ पर, विकास की नई परिभाषा गढ़ने की तत्काल जरूरत महसूस हो रही है। तब हम इन सभी खतरों को नजरअंदाज कर हजारों लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।इस समय चमोली के गोचर से बदरीनाथ तक के 131 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर 20 स्थान ऐसे हैं जहां लगातार भूस्खलन हो रहा है। मारवाड़ी क्षेत्र में सर्वाधिक मलबा गिर रहा है। चटवा पीपल से पंच पुलिया के बीच का हिस्सा, नंदप्रयाग का पर्थाडीप का हिस्सा, मैठाणा, कुहड़ से बाजपुर के बीच का हिस्सा, चमोली चाड़ा, बिरही चाड़ा, भनारपानी, हेलंग चाड़ा, रेलिंग से पैनी तक, विष्णुप्रयाग से टैया पुल के पास तक का हिस्सा, खचड़ानाला, लामबगड़ से जेपी पुल तक का हिस्सा, हनुमान चट्टी से रड़ांग बैंड के बीच वाले हिस्से में कभी भी मलबा गिर सकता है, यह बात प्रशासन ने स्वीकार की है। यमुनोत्री जाने वाला उत्तरकाशी के धरासू से जानकी चट्टी तक के 110 किलोमीटर सड़क को नाम भले ही हाईवे का दिया हो लेकिन बड़े अधिकारी खुद यमुनोत्री हाईवे की स्थिति को बेहद खराब बता चुके हैं। वे कह चुके हैं कि हाईवे पर कई स्थानों पर बोटल नेक है, चौड़ीकरण का कार्य भी चल रहा है, इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिला प्रशासन ने राना चट्टी व किसाला मोड़ पर हाईवे को संवेदनशील बताया है। इसके अलावा कुथ्नौर पूल, पालिगढ़, नागेला, फूलचट्टी जैसे सात स्थान भूस्खलन प्रभावित घोषित हैं। केदारनाथ धाम जाने वाले रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड पर भी धंसाव की खबरे हैं। प्रशासन उसमें मलबा भर रहा है लेकिन थोड़ी बरसात होते ही मलबा भी बह जा रहा है और दरारें गहरी हो रही हैं। चिन्यालीसौड से गंगोत्री तक के 140 किलोमीटर लंबे रास्ते को 52 किलोमीटर को मलबा गिरने के लिए अति- संवेदनशील घोषित किया गया है। जान लें पहाड़ पर जहां-जहां सर्पीली सड़क पहुंच रही है, पर्यटक का बोझा बढ़ रहा है, पहाड़ों के दरकने-सरकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और विश्व बैंक ने सन् 2018 में एक अध्ययन करवाया था जिसके अनुसार छोटे से उत्तराखंड में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन जोन के रूप में चिन्हित किये गये। रिपोर्ट कहती है कि राज्य में चल रही हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काट कर या जंगल उजाड़ कर ही बन रही हैं और इसी से भूस्खलन जोन की संख्या में इजाफा हो रहा है।चार धाम यात्रा के लिए एक बड़ी चुनौती बेमौसम बर्फबारी होना भी है। मार्च महीने के आखिरी हफ्ते में जमकर बर्फबारी हो गई। पहले तो यहां बर्फ साफ कर दी गई थी लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी के कारण फिर से यहां बर्फ जमने लग गई है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण केदारनाथ धाम में द्वितीय चरण के पुनर्निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहे हैं। अब मौसम साफ होने पर कामगार दोबारा केदारनाथ धाम जाएंगे। केदारनाथ मंदिर परिसर में चार से पांच फीट बर्फ जमी थी। पंकज चतुर्वेदी

आपका राशिफल 19 अप्रैल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली- 6138



ऊपर से नीचे:-

१. 'चंदा ये विंदास हैं' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,१,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरुख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की गृहभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बस गई रे तस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फराह की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली गणधरकपूर, कविता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'आँखियाँ मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानो की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, दिव्यंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चलो सात फेरे तेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'ही जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली मुसीत शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तो प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरुख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खंडहर' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनारॉय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिलो बेताब की सीने में' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७२ में बनी जोनेट, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रावल निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जॉनसीने' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6137

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6651

***** कठिनतम

			4		6			
					2	7		
	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6650 का हल

2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

शब्दों की असीम शक्ति से संवारिये ज़िंदगियां

समाज में आज सर्वत्र आपको ऐसे लोग सरलता से मिल जाएंगे, जो बिना कारण आपको हतोत्साहित करके आपके कार्य से विमुख करना चाहेंगे। आप कोई परीक्षा देना चाहें और आपके आसपास के किसी व्यक्ति को इस का पता चल जाए, तो आते ही भाषण देने लगेगा कि यार तुम भी क्या सठिया गए हो? अब परीक्षा देने की भला क्या तुक है? मढ़ा करो, फेल हो जाओगे तो बेकार में बदनामी और जगहंसाई होगी। हिम्मत बंधाना तो दूर की बात है, वे हजार बुराइयां और मुसीबत निकाल देंगे। ऐसे तो बस, विरले ही मिलते हैं, जो आपकी तारीफ करें और कहें कि बहुत अच्छी बात है। कोई मुश्किल हो तो हम मदद करेंगे, परीक्षा जरूर दो। मनोविज्ञानी कहते हैं कि समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो अकारण 'विघ्न संतोषी' होते हैं। मंथरा की तरह उन्हें किसी की खुशी अच्छी ही नहीं लगती। ये व्यक्ति वस्तुतः अकर्मण्य होते हैं और इनका चिंतन समाज में सदैव नकारात्मक ही रहता है। ये खुद तो जीवन में कभी सफल हो नहीं पाते, इसीलिए किसी और की सफलता इन्हें कतई नहीं सुहाती।

आज मुझे एक बड़ी ही रोचक और प्रेरक बोध-कथा पढ़ने को मिली, जो ऐसे ही विघ्न संतोषियों के चरित्र को उजागर करती है और सिद्ध करती है कि किसी के सकारात्मक शब्द जीवन में कैसे संजीवनी बन जाते हैं। यह बोध-कथा इस प्रकार है :-'एक नौजवान चीता पहली बार जंगल में शिकार करने निकला। अभी वो कुछ ही आगे बढ़ा था कि एक चालाक लकड़बग्घा आया और उसे रोकते हुए बोला, 'अरे छोटू राजा! कहां जा रहे हो अकेले-अकेले?' 'मैं तो आज पहली बार अकेले अपने दम पर शिकार करने निकला हूं!' नौजवान चीता बहुत रोमांचित होते हुए बोला। चालाक लक?बग्घा उपेक्षा से बोला-'छोटू जी! अभी तो तुम्हारे खेलने-कूदने के दिन हैं। तुम अभी बहुत छोटे हो और तुम्हे शिकार करने का कोई अनुभव भी तो नहीं है। तुम भला क्या शिकार करोगे?' लकड़बग्घे की बात सुनकर युवा चीता उदास हो गया। दिनभर शिकार के लिए वो बेमन इधर-उधर घूमता रहा। उसने कुछ एक प्रयास भी किये, पर सफलता नहीं मिली और उसे भूखे पेट ही घर लौटना पड़ा।अगली सुबह वो एक बार फिर शिकार के लिए निकला। कुछ दूर जाने पर उसे एक उदारमना बूढ़े बन्दर ने देखा और पूछा 'कहां जा रहे हो बेटा?' 'बंदर मामा, मैं आज अकेले शिकार पर जा रहा हूं।' चीता उत्साह में भर कर बोला। बंदर मामा युवा का उत्साह देख प्रसन्न होकर बोला, 'बहुत अच्छे। अपने बाप की तरह तुम में भी खूब ताकत और गति है। इनके कारण तुम तो बेहद कुशल शिकारी बन सकते हो। जाओ, तुम्हें जंगल में जल्द ही बड़ी सफलता मिलेगी।' बूढ़े बंदर मामा की यह बात सुनकर युवा चीता उत्साह से भर गया और कुछ ही समय में उसने एक छोटे हिरन का शिकार कर लिया। आज उसे अपनी ताकत का अहसास हो गया और उसका आत्मविश्वास लौट आया।' सच मानिए! हमारी जिन्दगी में 'शब्द' बहुत महत्व रखते हैं। दोनों ही दिन चीता तो वही था, उसमें वही फूर्ति और वही ताकत थी, लेकिन जिस दिन उसे चालाक लग?बग्घे द्वारा हतोत्साहित किया गया, उस दिन वो असफल हो गया और जिस दिन उदार बंदर मामा ने उसे प्रोत्साहित किया, वो सफल हो गया। -योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'

क्लासीफाइड

बेचना है

बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढावा, होटल, वियर हाउस, पेंट्रोलपंप के लिए उपयुक्त। सामने आसपास मकान बने हैं। प्लेन जमीन 250 रुपए फुट।
संपर्क : 9399852725
(22 अप्रैल)

बेचना है

विजयनगर अहिंसा चौक की चाय साय बार की फ्रैन्चाइजी सामान सहित जिसमें डीप फ्रीजर,काफी मशीन, टोस्टर, फ्रायर, स्टूल, एस.बीआर कैमरा और फर्नीचर इत्यादि देना है।
संपर्क : 8085720560, 94254, 12908
(3 मई)

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हबलानी बी.डी.एस. (इंदौर)
विशेषताएं -रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत , बत्तीसी , दांतों की सफाई , टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज ।
पता- रेनबो कलर लैब के सामनेसतना बिल्डिंग जबलपुर मो. 9340734722, 9300049344
23 अप्रैल

शब्द पह

अस्पतालों में भी हो सकेगी स्वाइन फ्लू, डेंगू और कोरोना की जांच

भोपाल यशभारत। कोरोना, स्वाइन फ्लू, डेंगू, जीका वायरस जैसी संक्रामक बीमारियों की जांच में अब देरी नहीं होगी। वजह, सभी जिला अस्पतालों में बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस का पता लगाने के लिए लैब तैयार की जा रही हैं। यह काम चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

पहले चरण में इस वर्ष के अंत तक 17 जिला अस्पतालों में लैब शुरू करने की तैयारी है। इनमें छह को पिछले वर्ष और बाकी को इस वर्ष चिन्हित किया गया है। वर्ष 2024-25 तक प्रदेश के 35 जिला अस्पतालों में पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री बनाई जाएंगी। एक लैब बनाने में सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह लैब तैयार होने के बाद जिला अस्पतालों में पहली से चल रही लैब को भी इसमें मिलाकर एकीकृत लैब बनाई जाएगी। अभी कई जिला अस्पतालों में पैथोलाजी, माइक्रोबायोलाजी, बायोकेमेस्ट्री आदि लैब अलग-अलग स्थान पर हैं। इसका रोगियों को यह नुकसान होता है कि उन्हें अलग-अलग जांच के लिए कई बार सैंपल देना होता है। एकीकृत लैब होने पर यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इन लैब में जांच की गुणवत्ता बेहतर रखने के लिए न्यूनतम क्षेत्र, कर्मचारियों की संख्या, मशीनों के लिए मापदंड तय किए गए हैं। कम से कम चार हजार वर्गफीट क्षेत्र की जगह रहेगी।

बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों का भी पता चलेगा

इन लैब में माइक्रोबायोलाजी की जांचें भी अच्छी गुणवत्ता के साथ हो सकेंगी। कल्चर टेस्ट हो सकेंगे, जिसमें यह पता चलेगा कि रोगी के शरीर में मौजूद बैक्टीरिया के संक्रमण में कौन सी दवा बेहतर ढंग से प्रभावी होगी और कौन सही नहीं होगी। इससे यह पता करना भी आसान हो जाएगा कि जीवीणुओं पर एंटीबायोटिक दवाओं का असर किस तरह से कम हो रहा है।

पहले चरण में यहां बनेंगी लैब

भोपाल, जबलपुर, रायसेन, सिंगरौली, बालाघाट, विदिशा, बैतूल, उज्जैन, छतरपुर, खंडवा, दमोह, बड़वानी, शिवपुरी, गुना, झाबुआ, सिवनी और टीकमगढ़।

नरोत्तम का नाथ बड़ा हमला

बोले- आपको आदिवासियों की रानी नहीं सिर्फ इटली की महारानी नजर आती हैं

■ भोपाल, यशभारत।

रानी कमलापति को लेकर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर हैं। सोमवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कमलनाथ पर जमनकर निशाना साधा। मिश्रा ने कहा कि आपको आदिवासी समाज की गौरव रानी कमलापति नजर नहीं आती है, आपको तो सिर्फ असली इटली की महारानी ही नजर आती है। मिश्रा ने कहा कि सोनिया गांधी जी को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए कि वह कमलनाथ जी के मत से सहमत है या असहमत है। मैं कमलनाथ जी के बयान की निंदा करता हूं। उनको सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। बता दें गोविंद सिंह के बयान पर कमलनाथ ने कहा था कि भाजपा नए नए नाम ला रही है। फर्जी नाम जोड़ रही हैं। कांग्रेस की छलावा समिति की बैठकमध्य प्रदेश कांग्रेस की वचन समिति की बैठक को लेकर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि वो वचन पत्र नहीं छलावा पत्र है। पिछले पत्र में भी वो छलावा दे चुके हैं। इस बार उसकी पुनरावृत्ति करने की कोशिश है। मिश्रा ने दिग्विजय सिंह के 60 सीटों की जिम्मेदारी देने की चर्चा पर कहा कि वह मान चुके है कि यह सीटें हार गए है। । 170 के लिए लड़ाई लड़ने की बात कर रहे हैं, जहां हार उन्होंने स्वीकार कर ली है। कमलनाथ वातानुकूलित कमरों में बैठ जाते है। जनता के बीच में कभी जाते नहीं है। फिर वचन पत्र के नाम पर छल करते हैं। अब नकाब उतर चुका है। उनका गेम ओवर हो चुका है। जनता जान चुकी है कि यह छलावा समिति की बैठक है।

घोषणा पत्र सिर्फ री-प्रिंट होने वाला है

कमलनाथ की भोजपुरी समाज और सेन समाज की घोषणा पर गृहमंत्री ने तंज करते हुए कहा कि यह जानते हैं कि उनकी सरकार आना नहीं है, लेना देना कुछ नहीं है बस सिर्फ जनता में भ्रम पैदा करना है। छलावा पैदा करना है। मिश्रा ने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार इनकी बातों में जनता आने नहीं वाली है। कागजी पुलिंदा है, इनका घोषणा पत्र बस री-प्रिंट होने वाला है तारीखें चेंज होने वाली है बाकी सब पुराना है। नेताओं को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी देने पर मिश्रा ने कहा कि अभी तक एक दर्जन यात्राओं को हरी झंडी दिखाई।

एनडीए में पहला पेपर गणित का कठिन रहा दूसरा सामान्य रहा

■ भोपाल, यशभारत।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से रविवार को दो परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुछ केंद्रों पर संयुक्त रक्षा सेवाएं (सीडीएस) की परीक्षा थी।कुछ केंद्रों पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) व नौसेना अकादमी (एनए) की परीक्षा आयोजित की गई।

एनडीए की परीक्षा हर साल दो बार आयोजन की जाती है। दोनों परीक्षाएं राजधानी के 25 केंद्रों पर आयोजित की गई। एनडीए परीक्षा दो पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो से शाम चार बजे तक आयोजित हुई।दोनों पाली में 69 प्रतिशत उपस्थिति रही। राजधानी के एमएलबी महाविद्यालय, माइलस्टोन पब्लिक स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल,जान बोस्को पब्लिक स्कूल,जेपी कान्वेंट स्कूल,सरस्वती विद्या मंदिर,ट्रुबा कालेज सहित अन्य निजी स्कूल व कालेजों में एनडीए परीक्षा के केंद्र बनाए गए थे।दोनों परीक्षाओं में करीब आठ हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। एनडीए की परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि पहला पेपर गणित का काफी कठिन लगा। वहीं दूसरा पेपर जनरल एबिलिटी का सामान्य था।

सीडीएस की परीक्षा तीन पाली में हुई सीडीएस की परीक्षा में करीब 55 प्रतिशत उपस्थिति रही। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक, दूसरी पाली दोपहर 12 से दो बजे तक और तीसरी पाली तीन से शाम पांच बजे तक हुई।

इनका कहना

"-पहला पेपर गणित का था। इसमें 120 प्रश्न पूछे गए थे। कुछ प्रश्न मैट्रिक्स के आउट आफ लेवल का था। वहीं दूसरा पेपर जनरल एबिलटी का आसान रहा। इसमें 150 प्रश्न पूछे गए थे।

अनमोल मेहरा, विद्यार्थी

-पहला पेपर गणित का थोड़ा कठिन लगा।दूसरा पेपर जनरल एबिलिटी का था। इसमें सभी विषय से प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें जीवविज्ञान और सामान्यज्ञान के प्रश्न कठिन थे।अंग्रेजी के प्रश्न आसान थे।

अक्षत तिवारी, विद्यार्थी

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर हुई कांग्रेस वचन पत्र समिति की बैठक

पुरानी पेंशन बहाली, 500 में सिलेण्डर, 1500 रू. महिलाओं को प्रतिमाह दिये जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों होंगे शामिल

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी के निवास पर आज वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में शामिल घोषणाओं के लिए कांग्रेस वचन पत्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक कमलनाथ जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वचन पत्र समिति की बैठक करीब ढाई घंटे तक चली, जिसमें विधानसभा चुनाव में शामिल करने वाले मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और बैठक में वचन पत्र समिति में निर्णय लिया गया कि वचन पत्र के लिए एक बैठक और होगी, जिसमें अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

बैठक के बाद पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तरूण भानोट ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि वचन पत्र समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं, जिसमें माननीय कमलनाथ जी द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं, जैसे 500 रू. में गैस सिलेण्डर, 1500 रू. महिलाओं को प्रतिमाह, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली योजनाएं तो शामिल की गई हैं, साथ ही कमलनाथ सरकार के दौरान की गई कर्ज माफी योजना, बिजली मुद्दें को लेकर कहा कि जैसे पहले बिजली के बिल कम से कम आते थे वैसे ही आयेंगे, जैसे विभिन्न प्रस्ताव वचन पत्र में शामिल होंगे। वहीं स्थानीय मुद्दों को दृष्टिगत रखते हुये कांग्रेस पार्टी हर जिले के लिए अलग-अलग वचन पत्र तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होगा कांग्रेस पार्टी का वचन पत्र।

श्री भानोट ने कहा कि कांग्रेस के वचन पत्र में सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखा गया है, पूर्व की अधिकांश जनहितेषी योजनाएं वचन पत्र में शामिल रहेगी, गौशाला निर्माण, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, किसान, धार्मिक स्थानों का उत्थान, सामाजिक परिवेश, रोजगार, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा आदि विभिन्न मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई। वचन पत्र ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्रामीण स्तर पर और शहरी क्षेत्र के लिए शहरी स्तर पर आवश्यकता अनुरूप अलग-अलग योजनाएं बनायी जायेंगी।

कांग्रेस वचन पत्र समिति की बैठक में कांग्रेस वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्रीगण सज्जन सिंह वर्मा, मुकेश नायक, एन.पी. प्रजापति, बाला बच्चन, अजीता वाजपेयी पाण्डेय, पारस सखलेचा, वचन पत्र समिति के सदस्य बी.के. बाथम, मीडिया उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता, सैयद जाफर सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल थे।

फैशन एवं ज्वैलरी शो में महिलाओं ने उत्साह दिखाया

■ भोपाल, ईएमएस।

श्रंगार एवं आभूषण महिलाओं की पहली पसंद होती हैं। महिलाओं की नैसर्गिक सुंदरता को निखारने के उद्देश्य से संत हिरदाराम नगर में फैशन एवं ज्वैलरी शो का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की महिलाओं ने खासी रूचि दिखाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महिलाओं को पुरूस्कार प्रदान किए गए। सीहोर नाका स्थित आकाश पिकनिक हट में आयोजित इस शो में बड़ी संख्या में महिलाओं ने रैंप वाक किया। लेटेस्ट डिजायन किए हुए कपड़े पहनकर महिलाएं एवं युवतियों ने कैटवाक किया। समय के साथ बदल रहे फैशन के अनुसार युवतियां डिजाइनर परिधान पहनकर पहुंचीं थीं। कालेज स्टूडेंट, कामकाजी महिलाएं एवं गृहिणियों ने भी इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। इस शो की खास बात यह थी कि निर्णायक मंडल में भी समाज की प्रबुद्ध महिलाएं शामिल रहीं। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की प्रदेशाध्यक्ष कविता इसरानी, हेयर स्टाइलिस्ट हिमानी लालवानी, बिजनेस वूमेन पिंकी सजदेव एवं मेकअप आर्टिस्ट स्वाति खिलरानी ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों से चर्चा एवं ड्रेस व ज्वैलरी सैंस के मुताबिक अपना निर्णय लिया। धनलक्ष्मी ज्वैलरी फैशन शो में संगीता मंगलानी को मिस डायमंड, मान्या धर्मदासानी को मिस गोल्ड एवं मानस्वी सदारंगानी को मिस सिल्वर घोषित किया गया। तीनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी सुरेश संभानी, लखी साई गोस्वामी एवं कार्यक्रम संयोजक युविका संभानी, मुकेश संभानी आदि ने विजेताओं को अवार्ड एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए। महिलाओं के बीच फन गेम्स, डांस शो एवं टंग टिविस्टर जैसे गेम्स भी हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं शामिल हुई। निर्णायक मंडल की सदस्य कविता इसरानी, हिमानी लालवानी, पिंकी सजदेव एवं स्वाति खिलरानी का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर कविता इसरानी ने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह की गतिविधियां सहायक होती हैं। महिलाओं को रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहना चाहिए।

संगीता मिस डायमंड, मान्या को मिस गोल्ड अवार्ड

ब्राह्मण समाज का महाकुंभ चार जून को, ताकत दिखाने 10 लाख लोगों को एकत्रित करने लिया संकल्प

■ भोपाल, यशभारत।

इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में सामाजिक संगठन अपने-अपने जनप्रतिनिधियों को टिकट की मांग करने के लिए ताकत दिखा रहे हैं। सिंधी समाज, साहू, चौरसिया, यादव समाज के बाद अब ब्राह्मण समाज ने भी ताकत दिखाएगा। इसके लिए 10 लाख ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित होंगे। ब्राह्मण समाज का महाकुंभ चार जून को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय गुफा मंदिर मानस भवन में हुई बैठक में लिया गया। इस आयोजन को लेकर निर्विरोध रूप से गौरी शंकर शर्मा(काका) को ब्राह्मण समाज मप्र का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। काका ने बताया कि महाकुंभ को लेकर अभी जगह चिहिन्त नहीं की गई। लाल परेड मैदान,भेल दशहरा मैदान सहित कुछ जगह चुनी हैं। सरकार जहां अनुमति दे दे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेशभर के करीब दस लाख से अधिक लोगों जुटाने के लिए समाज के प्रतिनिधियों ने संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधियों ने तय किया कि सम्मेलन के दौरान सरकार को 11 सूत्रों मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसमें ब्राह्मण समाज के पुजारियों का मानदेय 5000 से 10000 पुजारियों को प्रदान देने, तो वहीं मठ मंदिरों से लगी जमीन जो सरकार के अधिग्रहण में है उसे मुक्त करने और ब्राह्मण आयोग का गठन मुख्य है। बैठक में प्रदेशभर से ब्राह्मण समाज के 1000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारा किसी भी राजनीतिक पार्टी के विरोध में नहीं है ना ही समर्थन में है यह समाज का एकजुटता का आयोजन है और इसमें समाज अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर एकजुटता का परिचय देगा। इस दौरान सिर्फ शासन से ब्राह्मण समाज को उपेक्षित नहीं करने को लेकर निवेदन किया जाएगा। इसके लिए कोर कमेटी का गठन किया गया है।

कार ने मारी सांसद के वाहन को टक्कर कोहेफिजा थाने में दर्ज कराई एफआईआर

भोपाल, ईएमएस। भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के वाहन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना पांच दिन पुरानी है, लेकिन पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। पुलिस को सांसद ने कहा है कि उनके वाहन में टक्कर एक योजना के तहत मारी गई है। इससे इसकी जांच भी उसी तरह होना चाहिए।

कोहेफिजा थाना पुलिस ने उनकी शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं उनकी कार को भी जब्त कर लिया है, पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर 13 अप्रैल की रात पौने दस बजे 74 बंगला बी 29 से कार से बैरागढ़ की ओर एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थी। कार ड्राइवर अनूप चला रहा था। पीएसओ मनीष, उदय,धर्मेन्द्र, विवेक, पुष्पेन्द्र भी मेरे साथ कार मे थे। उनकी कार खानूगांव चौराहे से आगे लालघाटी के तरफ पहुंची, तभी एक कार ने तेजी से उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी और भाग गया। जिसके बाद मेरे ड्राइवर अनूप ने उस कार का पीछा कर उसे आगे जाकर रोका। टक्कर मारने वाली कार को रोकने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त किया और चालक व कार में सवार तीन लोगों को हिरासत में ले लिया था।सांसद ने पुलिस को बताया कि उनकी कार को योजना के तहत टक्कर मारी गई है। इसके पीछे कोई साजिश भी हो सकती है। ऐसे में पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है, पुलिस पूछताछ में युवकों ने अपने नाम गुलरेज, आदिल, पंडित व एक अन्य बताया है। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक जनार्दन प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आरोपितों की पहचान कर ली गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने बताया कि वह एक बड़े प्रकरण में आरोप झेल रही हैं। उन्हें लगातार फोन पर धमकियां भी मिलती रही हैं। कई बार मैंने ऐसे लोगों पर प्रकरण दर्ज कराया है। मेरा जीवन में हमेशा ही ऐसे लोगों से जान का खतरा बना रहता है। इसलिए मुझे बाई स्तर की सुरक्षा दी गई है।

पुराना खून चढ़ाने से हुई थी गर्भवती महिला की मौत

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के एक निजी अस्पताल की लापरवाही का खामियाजा एक परिवार को भुगतना पड़ा, मरीज को पुराना खून चढ़ाए जाने से उसकी मौत हो गई है। बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा इन निजी अस्पतालों एवं इनके लापरवाह डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है। आधार अस्पताल में डाक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत का मामला छोला मंदिर थाना क्षेत्र में सामने आया था, जिसकी जांच में पुराना खून चढ़ाने से गर्भवती की मौत होने की पुष्टि हुई है।इससे पुलिस ने आधार अस्पताल की महिला डाक्टर के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक छोला के चांदबड़ क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय प्रियंका पति दीपक राय को उसके स्वजनों ने 15 अक्टूबर 2022 को डिलीवरी के लिए करोंद स्थित आधार अस्पताल में भर्ती कराया था। तब ही शाम करीब पांच बजे गर्भवती महिला की डिलीवरी कराई थी, उसने बेटे को जन्म दिया था। 16 अक्टूबर को महिला की तबीयत खराब होने से डा. रंजन पाराशर ने दोपहर दो बजे महिला को खून चढ़ा दिया था। इसके बाद रात साढ़े दस बजे महिला की तबीयत बिगड़ते ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया था। इसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए स्वजन एवं डाक्टर के बयान दर्ज किए थे, जिसमें पता चला कि 15 अक्टूबर को महिला को खून चढ़ाने के लिए ब्लड बैंक से मंगवाया गया था।जिसे 16 अक्टूबर को दोपहर दो बजे लगभग 21 घंटे बाद चढ़ाया गया था। इससे महिला की तबीयत बिगड़ने के साथ ही मौत हो गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि महिला को पुराना ब्लड चढ़ाया गया था। जिससे महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन रिएक्शन हो गया था। इससे महिला की अचानक मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार महिला डा. रंजन पाराशर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि अभी तक पुलिस ने आरोपित डाक्टर को गिरफ्तार नहीं किया है।

दस्तावेज सहित तमाम सबूत जुटा रही पुलिस, व्यापमं को लिखा पत्र

■ भोपाल, यशभारत।

एमपीनगर थाना पुलिस द्वारा एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन में हुई फर्जी भर्ती के मामले में पुलिस दस्तावेज सहित तमाम सबूत जुटा रही है।इस संबंध में पुलिस ने फेडरेशन कोनोटिस जारी भी किया है और व्यापमं को भी पत्र लिखकर भर्ती संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। इन दस्तावेजों का पुलिस को इंतजार है, इनके आधार पर ही पुलिस आरोपितों के खिलाफ आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस ने बताया कि भर्ती मामले में कई आरोपित शामिल हैं, जिनके बारे में सबूत जुटाना बेहद जरूरी है।जो समिति बनी है वह भी फर्जी है। पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार भर्ती के संबंध में नोटिस जारी कर जानकारी मांगी गई थी, लेकिन एमपीसीडीएफ द्वारा किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी जा रही थी। इससे पुलिस ने 13 अप्रैल को आरोपित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी, तत्कालीन प्रबंधक प्रशाससन शारदा जौहरी व तत्कालीन सहायक ग्रेड एक जयश्री रमेशन के खिलाफ विजय कुमार की शिकायत पर धोखाधड़ी की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया था।बता दें कि एमपीसीडीएफ ने भोपाल,इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर व ग्वालियर दुग्ध संघ के लिए 296 कर्मचारियों की भर्ती के लिए व्यापमं से पात्रता परीक्षा कराई थी। इसके परिणाम 13 जुलाई 2016 को आए थे। सूची 18 महीने प्रभावी थी, इस अवधि में पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया पूरी करनी थी, जिसे लटकाया गया। इसके कारण कई पात्र कर्मचारी भर्ती से वंचित रह गए। इसकी वैधता अवधि 13 जनवरी 2018 को खत्म हो गई थी। अवैध सूची को आधार बनाकर 22 सितंबर 2018 को पंकज पांड समेत 22 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई थी।

"एमपीसीडीएफ भर्ती परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े के मामले में जांच चल रही है। जिसमें दस्तावेज व अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

सुधीर अरजरिया, थाना प्रभारी एमपीनगर

सिहोरा नगर पालिका ने पेश किया लाभ का बजट अनुमानित व्यय 64 करोड़ 49लाख 58हजार 741रुपये

सिहोरा, यशभारत। नगर पालिका सिहोरा का साधारण सम्मेलन सभाकक्ष में नपाध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता में नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी एवं परिषद के सभी सदस्यों, अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी लक्ष्मण सारस ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा अनुशंसित आय-व्यय का अवलोकन किया गया एवं बजट वर्ष 2023-24 बैठक में प्रस्तुत बजट अनुमानित आय 649529700.00 एवं व्यय 644958741.00 बचत रु. 4570959.00 का तैयार किया गया विभिन्न मदों से प्राप्त आय के विरूद्ध नगर पालिका के कर्मचारियों के वेतन भत्ते आदि एवं नगर के विकास हेतु विभिन्न निर्माण कार्यो पर व्यय, प्रकाश व्यवस्था / जलप्रदाय व्यवस्था पर व्यय, अंकेक्षण शुल्क की अदायगी का प्रावधान एवं संचित निधि में जमा करने का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्य जैसे सफाई व्यवस्था, संक्रामक रोगों की रोकथाम, सामाजिक जनकल्याण कारी कार्य, उपकरणों आदि की मरम्मत एवं रखरखाव कर्मचारियों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं एवं कामकाज के संचालन हेतु स्टेशनरी आदि की व्यवस्था सभी आवश्यक कार्यो के निष्पादन हेतु बजट में प्रावधान किया गया। इस प्रकार परिषद ने बिना कोई कर बढ़ाते हुए लाभ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे जलप्रदाय, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था के लिए समुचित प्रावधान किया गया है, वहीं नगर के सभी वार्डो में आवश्यकतानुसार सड़कों, नालियों के निर्माण, पार्वती नदी संरक्षण का कार्य कराया जाएगा।अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित बजट बैठक में सर्वसम्मति से ध्वनी मत से पारित किया गया।

अंशदान एवं अनुदान आधारित बजट

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तुत बजट अंशदान एवं अनुदान पर आधारित है मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुदान, 15 वा वित्त आयोग, सीएम शहरी अधोसंरचना विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, कायाकल्प अभियान,सड़क अनुरक्षण सहित केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान की प्रत्याशा में नगर विकास का लेखा-जोखा तैयार किया गया है।

बहुप्रतीक्षित वरझा लिंक रोड बजट में शामिल

स्टेडियम विस्तारीकरण पार्क निर्माण संजीवनी क्लीनिक विभिन्न वार्डो में सीसी रोड नाली निर्माण गंदे पानी की निकासी हेतु नाला निर्माण निकाय की आय हेतु शॉपिंग कंपलेक्स दुकानों का निर्माण के अलावा नगर की बहुप्रतीक्षित वरदान लिंक रोड को बजट में शामिल किया गया है:

परिषद की बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में प्रमोद चौधरी, रीता शुक्ला रंजना दुबे कल्पना पांडे, ममता गोटिया, बेबी पाल, गौरा देवी विश्वकर्मा, राजेश चौबे,शारदा बर्मन,बेटू शर्मा,जवाहर,लीला बर्मन, रमेश पटेल, अंकुश नायक,माधुरी दाहिया,देवेंद्र व्यास नमन श्रीवास्तव सुशील वर्मा मनोज खंपरिया आदि उपस्थित थे।

भागवत कथा की शोभायात्रा आज

सिहोरा, यशभारत। वार्ड नम्बर 11 में थाने के पीछे राधे राधे महिला सत्संग मंडल द्वारा संत प्रवर सियावल्लभ दास वेदांती जी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की आज मंगलवार को भव्य कलश शाम 3 बजे से निकाली जायेगी जो भ्रमण के बाद कथा स्थल पर सपन्न होगी। आयोजक मंडल की मंजू दुबे,निर्मल दुबे,अनीता त्रिपाठी,सरोज शुक्ला,सरोज पटेल, राधिका पटेल,अनीता शुक्ला,पार्वती नायक,पार्वती यादव, मीना पटेल,विनीता दुबे,दीपा तिवारी,संजना पटेल,माधुरी त्रिपाठी,अनीता लखेरा मंजू मिश्रा,सुनीला मिश्रा,संजना पटेल,मधु ठाकुर आदि ने शोभायात्रा में पहुचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जिले में 168153 पंजीयन

नरसिंहपुर यभाप्र। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 25 मार्च से जिले के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में पात्र महिलाओं के पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। सोमवार 17 अप्रैल को शाम 7 बजे तक जिले में 168153 फार्म भरे जा चुके हैं। इसमें जनपद पंचायत चांवरपाठा में 25772, चीचली में 20902, गोटेगांव में 26945, करेली में 20731, नरसिंहपुर में 23104 व सांईखेड़ा में 20046 और नगरीय निकाय गाडरवारा में 5932, गोटेगांव में 4131, करेली में 4618, नरसिंहपुर में 6812, चीचली में 2766, सांईखेड़ा में 1249, सालीचौका में 2218 व तेंदूखेड़ा में 2227 फार्म भरे जा चुके हैं।

सेन जी महाराज की जयंती पर निकली वाहन रैली

सिहोरा, यशभारत। सेन समाज सेलून वेलफेयर एसोसिएशन सिहोरा द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 723 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज द्वारा जयंती पर विशाल वाहन रैली निकाली गई जो कार्यक्रम स्थल वाचनालय भवन से प्रारम्भ होकर नगर उपनगर का भ्रमण करते हुए शुभारंभ स्थल पर सपन्न हुई।तदपश्चात पूजन अर्चन के बाद वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।एंव भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर राजा मोर,विनय असाटी, अभिषेक परौहा,तहसील अध्यक्ष सुग्रीव श्रीवास पप्पू, भरत श्रीवास,संतोष श्रीवास,रुपेश श्रीवास,किशन श्रीवास,बिट्टू सेन,आकाश सेन,प्रदीप श्रीवास सरपंच भूरा सेन सरपंच राम कुमार सेन लाल जी सेन संजय सेन डोमारी लाल प्यारेलाल पुरषोत्तम लाल शीलू पिंटू शंकर सदन मदन रामसनेही अनिल नीरज जगन्नाथ प्रसाद महेश कल्लू दुर्गेश सागर संजू संजीव नारायण जितेंद्र रामकिशन अनुज मनोज सुशील अनिल सुनील अजीत प्यारेलाल अशोक संजू रामू विक्की पवन रघुनंदन दिलीप मुकेश अजय सभी उपस्थित रहे।

श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

निवास, यशभारत। मनेरी क्षेत्र के ग्राम चिखली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। भगवान के जन्म की खुशी पर महिलाओं द्वारा अपने घरों से लगाए गए गुड़ के लड्?डूओं से भगवान को भोग लगाया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री उदय प्रकाश पांडेय जी कटनी नदावन वाले ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे अंत में प्रसाद वितरण किया गया यज्ञ चार रमाकांत शास्त्री जी ने बताया कि कथा के पांचवे दिवस पर गोवर्धन लीलाओं का वर्णन किया जाएगा।

हाथी तारा रैयत में दिखा गिद्धों का समुह, संरक्षण किए जा रहे प्रयास

निवास, यशभारत। वन क्षेत्र से परिपूर्ण जिले में कुछ वर्ष पूर्व गिद्ध विलुप्त से हो गए थे। लेकिन अब इनकी संख्या बढने लगी है। कान्हा नेशनल पार्क, पश्चिम सामान्य, पूर्व सामान्य वनमंडल में गिद्ध दिखाई देने लगे हैं। कुछ जगह गिद्ध के झूंड नजर आ रहे हैं। बुधवार को निवास के समीप हाथीतारा रैयत के पहाड़ी क्षेत्र में लगभग दो दर्जन गिद्धों का समूह दिखाई दिया। बताया गया कि यहां अक्सर गिद्ध दिखाई देने लगे हैं। पहाड़ी पर गिद्धों ने घोंसला भी बनाया है। बता दें कि प्रकृति के सफाईकर्मी कहे जाने वाले गिद्ध विलुप्त प्रजाति में रखे गए हैं। यह लंबी व टेढ़ी गर्दन वाले गिद्ध किसी समय आसमान में मंडराते हुए या किसी मृत मवेशी को खाते हुए झुंड के रूप में दिखाई देते थे, जो अब फिर से नजर आने लगे हैं। वाइट रम्पड वल्चर व इगिप्टन वल्चर तेजी से लुप्त होती प्रजाति वाला गिद्ध है। जानकारों की माने तो देश में 1994 के बाद गिद्धों की प्रजातियों में तेजी से गिरावट आई है। पशुचिकित्सकों का कहना है कि पशुओं को दी जाने वाली डाइक्लोफिनेक दवा के कारण इन गिद्धों की हद से ज्यादा मौत हुई। अब डायक्लोफेनकि सोडियम इंजेक्शन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे गिद्धों की जान का खतरा कम हो गया है। और संख्या बढने लगी है। गिद्धों की गणना 4 वर्ष में एक बार की जाती है। पिछली गणना वर्ष 2021 के शुरूआती महिनों में की गई थी। जिसमें कान्हा नेशनल पार्क में 98 गिद्ध रहे। पश्चिम सामान्य के वनपरिक्षेत्र निवास में ही गिद्धों के आवास के साथ 18 गिद्ध मिले थे। पूर्व सामान्य वनमंडल में 72 गिद्ध मिले थे। अब निवास के आसपास जिस तरह गिद्ध का समूह दिखाई दे रहा है। इससे आगामी वर्षो में होने वाली गणना में बढने की उम्मीद जताई जा रही है। निवास वन परीक्षेत्र अधिकारी प्रिवेश बराडे ने बताया कि वन विभाग 4 साल में सर्वे करता है। विभाग से पिछले वर्ष संरक्षण के प्रयास के लिए बजट मांगा गया है। गिद्ध के संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि कहीं आपको गिद्ध का समूह दिखाई देता है तो आप उन्हें परेशान न करें, नाही भगाएं, गिद्ध के घौसलों को नुकसान भी ना पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि गिद्ध का समूह हाथी तारा ग्राम के अलावा हाथी तारा रैयत और आसपास के क्षेत्रों में देखा जाता है। जिनकी संख्या अब 50 से अधिक हो गई होगी। जिनके संरक्षण के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

गोटेगांव पुलिस को मिली सफलता, वाहन से किया जब्त गाँजा

गोटेगांव, यशभारत। माफियाओं एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ अभियान के तहत नरसिंहपुर पुलिस की बडी कार्यवाही 3 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा एवं इनोवा क्रिस्टा वाहन जप्त। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार माफियाओं एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नरसिंहपुर पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में माफियाओं एवं अपराधिक तत्वों के विरूद्ध की जा रही लगातार ताबडतोड कार्यवाही।

अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही ~ थाना गोटेगांव अंतर्गत मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड, गोटेगांव के किनारे एक इनोवा क्रिस्टा वाहन जिसका नम्बर एमपी 20 बीए 8147 है संदिग्ध अवस्था में खडी है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की गयी घेराबंदी के दौरान पुलिस को देखकर वाहन चालक फरार हो गया पुलिस टीम द्वारा वाहन की चैकिंग करने पाया गया कि उसकी सीट पर एक पैकेट रखा हुआ है जिसकी बारीकी से तस्दीक करने पर पैकेट में 3 किलोग्राम गांजा पाया गया। थाना गोटेगंव में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 303/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है एवं आरोपी की तलाश की जा रही है।

आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है शटल बन्द का खामियाजा

बन्द पड़ी शटल गाड़ियां चलाये जाने की मांग

गोटेगांव, यशभारत। गोटेगांव स्थित श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर कोरोना कॉल से बंद की गई रेलगाड़ियों को अभी तक चालू नहीं किया गया है जिस कारण आवागमन करने वाले यात्रियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ रही है इटारसी से सतना जाने वाली शटल एवं कटनी से इटारसी जाने वाली फास्ट पैसेंजर बंद कर पांच या छह डिब्बों की मेमू ट्रेन चलाने से आवागमन करने वालों को महज एक झुनझुना पकड़ा दिया गया है जिस कारण यात्री परेशान हो रहे हैं वैसे भी देखा जाए तो वर्तमान में शादी विवाह समारोह जोर शोर से चल रहे हैं वही ग्राम नगर जिला एवं प्रदेश की जनता छोटी मोटी गाड़ियों में अपडाउन को मजबूर है इस छोटी सी मेमू गाड़ी में ना तो बैठने के लिए पर्याप्त साधन है और ना ही यह गाड़ी जन अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है लिहाजा जनता पैसे देकर भी सुविधा और सम्मानजनक यात्रा नहीं कर पा रही है इतना सब होने के बावजूद भी जनप्रतिनिधि उदासीन बने हुए हैं इन सभी समस्याओं को देखते हुए एवं समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़ते हुए जनप्रतिनिधियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है यह तो आने वाले भविष्य के गर्त में है कि इस बार चुनाव में इन समस्याओं को लेकर कौन जनप्रतिनिधि सत्ता पर सिंहासन का ताज वरण करेगा। यह मैच 7 डिब्बों की मेमू सवारी गाड़ी में और शादी के सीजन में जनता से बड़े बुजुर्ग महिलाएं और दुंधमुहे अबोध बच्चे अच्छा खासा परेशान होते दिख रहे हैं लेकिन इन सब की चिंता जनप्रतिनिधियों को नहीं है। आवागमन करने वाली जनता ने संबंधित विभाग से शीघ्र अति शीघ्र शटल गाड़ी एवं फास्ट पैसेंजर चलाने की मांग की है क्योंकि लोकल सिर्फ एक ही गाड़ी है जिससे समस्या का समाधान मुश्किल हो रहा है मात्र मेमू ट्रेन अकेले चलाने से जनता की समस्या को हल नहीं किया जा सकता इसलिए रेल प्रशासन से आवागमन करने वाली जनता है एवं नरसिंहपुर जिले की जनता ने बंद पड़ी हुई गाड़ियों को चलाने की मांग की है।

आवास हितलाभ का हुआ वितरण

पाटन, यशभारत। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर परिषद द्वारा जिन हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ मिला है उन्हें क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई के द्वारा हितलाभ के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया नगर में इस योजना के तहत 337 हितग्राहियों 1 लाख की पहली किस्त तो 127 हितग्राहियों को 50 हज़ार की दूसरी क़िस्त प्रदान की गई इस मौके पर विधायक अजय विश्नोई ने कहा सरकार ने जब यह योजना लागू की तो सबसे बड़ी परेशानी थी कि लोगो के जमीन के पट्टे नही थे इस कारण उन्हें आवास नही मिल पा रहे मेरे प्रयासों से योजना की इस विडंबना को खत्म किया गया इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष जगेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष शक्ति देवकुमार यादव सीएमओ नीलम चौहान के साथ समस्त पार्षद और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

आत्म ध्यान का श्रम करते है श्रमण– मुनि श्री प्रणम्यसागर जी

शहपुरा भिटौनी, यशभारत। नैमैतिक के बाद अब आप पुनः नित्य आयोजन की श्रृंकला मैं वापस आ गये है । ब्रह्मचर्य ग्रहआश्रम आदि के बाद व्यक्ति आश्रम की और उन्मुख होता है भव्य प्राणी । जिनके पास आराम करने के लिए और कुछ नहीं होता मात्र देह होती है वह होते है यति मुनि उनकी देह मात्र ही उनकी संम्पति या परिग्रह है । संतोष की वस्तु है और उस देह मैं भी अधिक आराम नहीं करते वरण तप आदि के द्वारा भी उस देह को तपाते रहते है । उस देह के माध्यम से जीवन को चलाते है तथा आत्मा को संतुष्ट रखते है । इस तरह की मनोवृत्ति वाले होते है यति । इस देह मैं रहकर ही वे आत्मा का कल्याण करते है । सम्यक्ज्ञान और अर्हध्यान से मनः स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है । उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8~30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । समस्त कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील जैन पंचायत सभा शहपुरा ने की है ।

बाईक रैली के साथ पहुंचे कार्यक्रम स्थल युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार

नरसिंहपुर यभाप्र। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार का जिले में आगमन हुआ जहा पर वह युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ बाईक रैली के साथ पहुंचते हुए करेली ग्रामीण मंडल के ग्राम कठोतिया में युवा चौपाल में शामिल हुए, कार्यक्रम में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर युवा चौपाल की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन ने कहा कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार जी के नेतृत्व में युवा मोर्चा का कार्यकर्ता मप्र की शिवराज सिंह जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा लागू युवा नीति को युवा को बताने वार्ड और पंचायत स्तर तक पहुंचने का कार्य कर रही है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने कहा कि युवा मोर्चा का लक्ष्य युवा नीति के होने वाले लाभों को युवाओं को परिचित कराने का है, जो कि युवाओं के भविष्य को संवारने का काम करेगी, जिससे कि युवाओ को नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, उहोंने युवाओं के लिए चल रही केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को महिला सशक्तिकरण की ओर बडा कदम है, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुलदीप राठौर ने कहा कि युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में अपनी भूमिका को तय करके युवा चौपाल को लक्ष्य पूर्ति तक ले जाना है, उक्ताशय की जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि युवा चौपाल का संचालन जिला महामंत्री अभिषेक रघुवंशी और आभार करेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल पटेल ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश पटेल, इंद्रेश साहू, अमरपाल सिंह, प्रणव पाराशर, नीलेश पटेल, सोनित नेमा, प्रवीण जाट, अनुराग कौरव, श्रीकांत राय, भूपेंद्र जाटव, शशांक पटेल, शिवम श्रीवास्तव, सौरभ शर्मा, अभय पाण्डे सहित कार्यकर्ताओ की उपस्तिथि रही।

28 से सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्री मददेवी महाकथा महाराजपुर में होगी प्रारंभ

पनागर, यशभारत। .विधानसभा पनागर के अंतर्गत महाराजपुर सुभाष नगर में आगामी 28 अप्रैल 2023 से 6 मई 2023 तक चलने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का आज श्री ब्रम्हचारी चैतन्यानंद जी महाराज के द्वारा भूमि पूजन किया गया। जिसमे जबलपुर संस्कारधानी के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भारत सिंह यादव, नित्यनिरंजन खंपरिया , मुकेश सोनी, मनीष पटेल, विवेक पटेल, श्रीमती विनीता यादव, श्रीमती प्रभा यादव, राकेश सैनी, एड. ब्रजेश दुबे, एड. श्याम सुन्दर बब्बू यादव, विमल जैन, वीरू उपाध्याय, सुश्री रुक्मणि गौंटिया, शीतल जैन, विनोद उपाध्याय, लक्ष्मी गौंटिया , रामकुमार यादव, विशन ठाकुर, किशन पटेल, अर्जुन पटेल, राजा सूर्यवंशी, राजेंद्र रजक, महेश चौहान, धीरज दुबे, राजकुमार विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, राहुल पाण्डेय, उत्तम दास बैरागी कवि, संजू बैरागी और सैकड़ो भक्त जन किसान क्षेत्रीय जन भी उपस्थित हुए।

सी एम राइज में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

सिहोरा, यशभारत। सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा मैं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । आयोजन श्रीमती संध्या दिलीप दुबे के मुख्यातिथ्य, रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सृष्टि प्रजापति एवं वार्ड पार्षद श्रीमती रीता शुक्ला के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। संस्था के प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय,शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया ।प्राचार्य ने विद्यालय के विजन मिशन और मूल्य पर जानकारी दी एवं सीएम राइज विद्यालय के एक वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय के प्रतिवेदन का वाचन किया और अतिथियों से विद्यालय और बच्चों के हित में सहयोग करने के लिए आग्रह किया। अतिथियों के द्वारा बच्चों को रोली लगाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और पुस्तकों का वितरण भी किया गया ।अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा यह विद्यालय हमारे शहर का एक गौरव के रूप में है मुझे विद्यालय के आकर्षण और व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त किया ।एसडीएम ने बच्चों से कहा कि आप लोग नियमित विद्यालय आयें और मन लगाकर पढ़ाई करें आगामी माह में होने वाले समर कैंप में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें क्योंकि पढ़ाई के साथ-साथ हमारे जीवन में विभिन्न कौशलों का होना आवश्यक है। इस अवसर पर अमित कुमार जैन,सविता पटेल,रंजीत कोरी,एहसान मंसूरी,रजनी कोरी,मोहनी उपाध्याय, प्रमोद दहायत, पंडित रवि प्रकाश मिश्रा,अशोक पटेल, प्रखर गुप्ता, सरस्वती राणा तथा बच्चे उपस्थित थे।

कनक बिहारी दास महाराज व उनके शिष्य का वाहन दुर्घटना में निधन

नरसिंहपुर यभाप्र। बीते सोमवार को ख्यात संत कनक बिहारी दास जी महाराज और उनके एक शिष्य विश्राम रघुवंशी का नरसिंहपुर जिले में एक वाहन दुर्घटना में निधन हो गया।

जानकारी के मुताबिक कनक बिहारी दास जी महाराज अशोकनगर से छिंदवाड़ा जा रहे थे। तभी नरसिंहपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर ग्राम सगरी के पास सुबह करीब 9 बजे एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर से जा टकरायी। बरमान चौकी प्रभारी संजय सूर्यवंशी ने बताया कि दुर्घटना में कनक बिहारी दास महाराज और उनके शिष्य विश्राम रघुवंशी का निधन हो गया जबकि एक अन्य शिष्य घायल हो गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संत कनक बिहारी दास जी महाराज के देवलोक गमन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

ऋतिक शौकीन-नितीश राणा को महंगी पड़ी लड़ाई, अब चुकाने पड़ेंगे लाखों रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2023 में 16 अप्रैल, रविवार को मुबंई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला गया. इस मैच में केकेआर के कप्तान नितीश राणा और मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर ऋतिक शौकीन के बीच तीखी बहस देखने को मिली. दोनों को ये लड़ाई मंहगी पड़ी. पहली पारी के नौवें ओवर के दौरान ऋतिक शौकीन और नितीश राणा आपस में भिड़ गए थे. इसके लिए दोनों पर फाइन लगा. वहीं, आईपीएल में पहली बार कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव पर भी इस मैच में फाइन लगा. सूर्या पर स्लो ओवर रेट चलते जुर्माना लगाया गया.

नितीश राणा और ऋतिक शौकीन को महंगी पड़ी लड़ाई

दोनों के बीच हुई लड़ाई के चलते केकेआर के कप्तान नितीश राणा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत, वहीं मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर ऋतिक शौकीन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगा. नितीश राणा और ऋतिक शौकीन के बारे में आईपीएल ने मीडिया एडवाइजरी जारी कर कहा, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नीतीश राणा पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. मीडिया एडवाइजरी में आगे कहा गया, राणा ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार कर लिया है मीडिया एडवाइजरी में ऋतिक शौकीन के बारे में कहा गया, मुंबई इंडियंस के गेंदबाज ऋतिक शौकीन पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. आगे कहा गया, शौकीन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार किया.

डेब्यू मैच में सूर्यकुमार यादव पर भी लगा फाइन

सूर्या के बारे में आईपीएल की ओर से मीडिया एडवाइजरी जारी कर कहा गया, मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है. एडवाइजरी में आगे कहा गया, सूर्यकुमार यादव पर आईपीएल आचार संहिता के तहत सत्र का पहला अपराध था, इसलिए सूर्यकुमार यादव पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जियो सिनेमा पर फ्री में आईपीएल मैच देखने के दिन जल्द होंगे खत्म, आ सकती है नई प्राइज लिस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2023 की शुरुआत से पहले जियो ने अपने यूजर्स को बड़ा तोहफा दिया था. आईपीएल 16 जियो सिनेमा पर फी में लाइव स्ट्रीम हो रहा है. इस साल लोगों ने जियो सिनेमा पर व्यूवरशिप के कई रिकॉर्ड्स तोड़े. रिपोर्ट्स के मुताबिक, जियो जल्द ही फ्री सेवाएं बंद कर सकता है. बाकी ओटीटी एप की तरह जियो भी अपने यूजर्स से चार्ज लेगा. रिपोर्ट्स की माने तो प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक नई मूवीज और वेब सीरीज़ एड की जाएंगी. जियो बाकी एप ओटीटी एप के साथ मुकाबले के लिए ऐसा कर सकता है.

क्या अब फ्री में नहीं देख पाएंगे आईपीएल?

आईपीएल 16 का फाइनल मैच 28 मई को खेला जाएगा. रिपोर्ट्स की माने तो जियो आईपीएल के फाइनल के बाद अपने यूजर्स से पैसे चार्ज करना शुरू करेगा. कंपनी के मीडिया और कंटेंट बिजनेस की अध्यक्ष ज्योति देशपांडे ने ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि जियो सिनेमा अपने प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक फिल्मों और वेब सीरीज़ को जोड़ना का प्लान बना रहा है. अब देखना होगा कि जियो किस प्लान के साथ आता है. वहीं बाकी ओटीटी प्लेटफॉर्म को देखते हुए जियो किस प्राइज़ लिस्ट के साथ आएगा, ये देखना दिलचस्प होगा.

क्या होगी प्राइज़ लिस्ट?

जियो सिनेमा अपने यूजर्स से कितना पैसा चार्ज करेगी, एप की प्राइज़ लिस्ट क्या होगी? अभी ये तय होना बाकी है. ज्योति देशपांडे ने अपने इंटरव्यू में बताया कि क्यों जियो की ओर से ऐसा करना की योजना बनाई जा रही है. ऐसा कंपनी के रेवेन्यू को बढ़ाने के लिए और भारतीय मार्केट में मौजूद प्लेटफॉर्म के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए कर सकती है. अध्यक्ष ज्योति देशपांडे ने इस बात का भी खुलासा किया कि प्लेटफॉर्म पर नया कॉन्टेंट 28 मई से पहले ही उपलब्ध होगा. हालांकि अभी दर्शक फ्री मैच का लुत्फ ले पाएंगे।

24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 19 को

मास्टर ब्लास्टर बनाम वैस्टलैंड क्लब के बीच होगा उद्घाटन मैच

जबलपुर,यशभारत। बुधवार 19 अप्रैल को ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में शाम 6.30 बजे से 24वीं कामरेड रामशंकर रजक रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन होने जा रहा है। ओएफके लेबर यूनियन के पदाधिकारी मिस्टर सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच मास्टर ब्लास्टर और वैस्टलैंड क्लब सीनियर के बीच बुधवार शाम 6.30 बजे से खेला जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि ओएफके के महाप्रबंधक अशोक कुमार, विशेष अतिथि विकास पुरवार उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि यह प्रतियोगिता बीते 23 सालों से आयोजित की जा रही है। इच्छुक टीमें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मुकुंद जनरल स्टोर ईस्टलैंड खमरिया से फॉर्म ले सकतीं हैं , यहां 18 अप्रैल की शाम 5.30 बजे तक फॉर्म जमा किए जाएंगे। इसके बाद फार्म स्वीकार नहीं होंगे।

क्या बाबर आजम को उमर अकमल ने नहीं दिए थे जूते? पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज ने विवाद पर तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी। बाबार आज़म मौजूदा वक़्त में पाकिस्तान के कप्तान हैं. बाबर आज़म और पाकिस्तान के स्टार क्रिकेटर रहे चुके कामरान अकमल व उमर अकमल के चचेरे भाई हैं. कुछ वक़्त पहले बाबार आज़म और उमर अकमल को लेकर विवाद सामने आया था, जिसमें बाबार आज़म ने दावा किया था कि उनके किसी चचेरे भाई ने उन्हें जूते देने के इंकार कर दिया था. इस पर उमर अकमल ने प्रतिक्रिया ज़ाहिर की थी. अब एक बार फिर उमर अकमल ने इस बात पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उमर ने कहा कि उन्होंने बाबार को जूते देने के लिए कभी इंकार नहीं किया था.

क्या था विवाद?

कुछ वक़्त पहले बाबार आज़म ने एक इंटरव्यू में बताया था, मैंने अपने चचेरे भाई से जॉगर्स उधार देने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने ये कहते हुए इंकार कर दिया था कि उनके पास नहीं हैं. मुझे अहसास हुआ था कि मैंने कुछ ऐसा कहे दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था. मुझे पहली बार में जूते नहीं मांगने चाहिए थे. बाबार आज़म की इस बात पर प्रतिक्रिया देते हुए उमर अकमल ने कहा था, मुझे नहीं पता कि हमारे किस चचेरे भाई ने बाबार आज़म को जूते देने से मना कर दिया था. हमने हमेशा उन रिश्तेदारों का समर्थन किया है जो क्रिकेट खेलना चहाते थे. मैंने कभी अनुरोध अस्वीकार नहीं किया है. जो लोग मेरे करीब हैं वो इस बात को बखूबी जानते हैं।

अब तक ऐसा रहा बाबार आज़म का अंतर्राष्ट्रीय सफर

2015 में ज़िम्बाब्व के खिलाफ अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाले बाबर आज़म अब तक अपने इंटरनेशनल करियर में कुल 47 टेस्ट, 95 वनडे और 101 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं. बाबार अब तक कुल 29 अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ चुके हैं.

विकास दुबे एवं अभय भाटी बाक्सिंग के राष्ट्रीय निर्णायक बने

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के विकास दुबे एवं अभय भाटी बाक्सिंग की राष्ट्रीय निर्णायक की परीक्षा पास कर राष्ट्रीय निर्णायक बन गए है। अब वे आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनों रेफरशिप करेंगे। जयपुर में राष्ट्रीय रेफरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया, जहाँ देश भर से 65 रेफरियों ने भाग लिया। अभय एवं विकास की सफलता पर म.प्र. बॉक्सिंग संघ से अध्यक्ष, संजय सेठ, सचिव दिग्विजय सिंह, टेक्निकल डायरेक्टर वीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) एवं राकेश अयाची , संजय मिश्रा ,अजय सिंह ने बधाई दी।

जे पी एल 23 क्रिकेट टूर्नामेंट, जबालीपुरम नगर ए टीम की शानदार जीत

जबलपुर, यशभारत। महाकोशल विंध्य रीजन द्वारा आयोजित जे पी एल 23 टूर्नामेंट में आज प्रथम मैच में जबालीपुरम टीम ने च्मेन सुपर 11ज्टीम पर शानदार जीत हासिल की। आज के मैच में मैन आफ द मैच योगेंद्र जैन, बेस्ट बॉलर विवेक जैन एवं बेस्ट बेट्समैन अक्षत जैन रहे। इसके बाद दूसरे मैच में च्नगर एज्टीम ने ने संस्कारधानी टीम को 82 के मुकाबले 83 रन बनाकर 6 विकेट से हराया .जे पी एल 23 टूर्नामेंट के तीसरे दिन कुल 5 लीग मैच होना है, जिसमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों का फैसला हो जाएगा ।

स्व. त्रिपाठी डे नाइट टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा 24 से

जबलपुर, यशभारत। ओएफके सुरक्षा कर्मचारी यूनियन, इंटक के तत्वावधान में स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे नाइट टेनिस बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा ने बताया की यह प्रतियोगिता का 14 वां आयोजन है।इस वर्ष टूर्नामेंट में कई बदलाव किए गए है। टूर्नामेंट दो हिस्सों में होगा,एक ओपन टूर्नामेंट जिसमे शहर की कोई भी टीम भाग ले सकती हैं ।जिसमें विजेता को 51 हजार एवम् उपविजेता को 21 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।दूसरे चरणमें निर्माणी के अनुभागों की टीमें भाग ले सकेंगी, टूर्नामेंट के संयोजक हृदेश यादव ने बताया की हर मैच में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, एवम् अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिये जाएंगे।

रंग संसार

विक्रम का पैर काटने की आ गई थी नौबत, 23 सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने किसी तरह बचाया



नई दिल्ली, एजेंसी। साउथ के सुपरस्टार एक्टर और 'अपरिचित' से हिंदी फैंस के बीच पॉपुलर चियान विक्रम की पॉपुलैरिटी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में है. चियान आज यानी 17 अप्रैल को अपना 57वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं. बर्थडे के मौक पर सोशल मीडिया पर फैंस और सेलेब्स उन्हें बधाई संदेश भेज रहे हैं. हाल ही में चियान 'पोन्नियिन सेलवन-1' में नजर आए थे लेकिन जल्दी ही इसका पार्ट 2 यानी 'पोन्नियिन सेलवन-2' सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है. इसके साथ ही 'चियान 61' उनका अगला धमाकेदार प्रोजेक्ट हो सकता है. विक्रम की फिल्में सिर्फ साउथ में ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में भी बड़े प्यार से देखी जाती हैं.

चियान व्रिकम का असली नाम

अन्नियन (अपरिचित), सामी, आई, इरु मुरुगन, जैसी उनकी कई फिल्में हैं, जिन्हें हिंदी बेल्ड ऑडियंस ने खूब पसंद किया. 'पोन्नियिन सेलवन ढ्ढ' में मुख्य भूमिका निभाने वाले चियान विक्रम अपने किरदार को निभाने के लिए पूरी जान लगा देते हैं. उनके डेडिकेशन और हार्डवर्क की तारीफ तो फिल्म क्रिटिक्स भी करते हैं. विक्रम का जन्म 17 अप्रैल, 1966 को तमिलनाडु में हुआ था. उनके पिता क्रिश्चियन थे और मां हिंदू धर्म से ताल्लुक रखती थीं. एक्टर का असली नाम कैनेडी जॉन विक्टर है, लेकिन फैंस के बीच उन्हें चियान विक्रम के नाम से पॉपुलैरिटी मिली.

पिता नहीं चाहते थे बेटा बने एक्टर

पिता की तरह ही विक्रम का दिल भी फिल्मों में एक्टिंग के लिए धड़कन लगा, वो स्कूल के भी बहुत सारे प्ले में भाग लेते रहते थे. हालांकि विक्रम के पिता को ये मंजूर नहीं था कि वो फिल्मों में अपना करियर बनाएं क्योंकि उनके पिता ने फिल्मों में आने के लिए काफी स्ट्रगल किया था, बावजूद इसके वो इंडस्ट्री में अपनी कोई खास जगह नहीं बना पाए थे. लेकिन विक्रम का मन किसी और काम में नहीं लगता था, स्कूल के बाद कॉलेज के नाटकों में भी वो भाग लेने लगे. कॉलेज के दिनों में ही विक्रम का बाइक से एक खतरनाक एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वो बाल-बाल बचे थे.

पैर काटने की आ गई थी नौबत

दरअसल, विक्रम को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से उनका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया. एक समय पर उनका पैर काटने तक की भी नौबत आ गई थी. हालांकि उनके माता-पिता के दुआओं का ही असर था, जो डॉक्टरों ने 23 सर्जरी के बाद उनके पैर को कटने से बचा लिया. पैर की चोट की वजह से कई सालों तक विक्रम को चलने में भी दिक्कत हुई. 1988 के आस-पास जब विक्रम ठीक हुए तो उन्होंने एड फिल्मों में काम करना शुरू किया. विक्रम ने 1990 में अपना पहला एक्टिंग डेब्यू किया. हालांकि वो फिल्म कुछ खास नहीं चल सकी. उनका ये ट्रगल 10 सालों तक चला. 1999 में आई फिल्म 'सेतु' से उनका करियर चमका और वो चमक आज भी जारी है।

शाहरुख खान को नहीं पसंद था लुंगी डांस, गुस्से में अलग से रिलीज करना चाहते थे हनी सिंह

नई दिल्ल, एजेंसी। बॉलीवुड के मशूहर रैपर और सिंगर यो-यो हनी सिंह का नया गाना रिलीज़ हुआ है. उसे प्रोमोट करने के लिए हनी सिंह इंटरव्यूज़ दे रहे हैं. ऐसे ही एक इंटरव्यू में उन्होंने शाहरुख खान के बारे में बात की है और उनके लिए बनाए गाने 'लुंगी डांस' से जुड़ा किस्सा बताया है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है. 'लुंगी डांस' गाना तो आपने सुना ही है और इसपर जंकर नाचा भी होगा. ऐसे में अब 'लुंगी डांस' सॉन्ग को लेकर हनी सिंह ने पूरी कहानी बताई है कि कैसे उन्होंने न सिर्फ इसे गाया था बल्कि कम्पोज भी किया था और इसके जरिए दिग्गज एक्टर रजनिकांत को ट्रिब्यूट दिया था. हालांकि ये गाना शुरूआत में किंग खान को नहीं भाया था।

लुंगी डांस शाहरूख को पसंद नहीं आया

हाल ही में म्यूजिक कंपोजर और रैपर यो यो हनी सिंह ने ई टाइम्स को एक इंटरव्यू दिया है. जिसमें हनी सिंह से सुपरस्टार शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के 'लुंगी डास' गाने को लेकर सवाल पूछा गया. इस पर यो यो हनी सिंह ने बताया 'बॉलीवुड के लिए म्यूजिक तैयार करने में मुझे हमेशा से परेशानी होती रही है. जब शाहरुख भाई ने मुझे चेन्नई एक्सप्रेस के लिए एक सॉन्ग क्रिएट करने के लिए बुलाया तो उनकी मांग अंगरेजी बीट जैसे गाने की थी. मैंने उनसे पूछा क्यों, इस पर उन्होंने बताया कि वो गाना काफी हिट हुआ था. मैंने कहा कि मैं ऐसा गाना नहीं बनाऊंगा, लेकिन ऐसा नंबर बनाउंगा, जिसमें उनकी रियल वाइब हो. मैंने लुंगी डांस तैयार किया और उनको यह पसंद नहीं आया।

तीन हफ्तों बाद लिया था फैसला- हनी सिंह

यो यो हनी सिंह ने आगे बताया कि शाहरुख खान ने तीन हफ्ते सिर्फ ये डिसाइड करने में लगा दिए कि वो ये गाना अपनी फिल्म में रखें या न रखें. हनी सिंह ने कहा कि बॉलीवुड में वो मजा फिर खत्म हो जाता है क्योंकि इतनी लिमिट ही नहीं मिलती. सिर्फ अक्षय कुमार हैं जो लिबर्टी देते हैं कि भाई तू कुछ भी बना, जो पसंद आएगा मुझे. मैं वो लूंगा, बाकी लोग बहुत ज्यादा लिमिटेशन्स दे देते हैं. ऐसे में उनका इस साल भी बॉलीवुड पर फोकस नहीं है. अगले साल भी नहीं देखेंगा. सिर्फ बॉलीवुड इसलिए करेंगे क्योंकि उनके कुछ के साथ रिलेशन्स हैं।

लुंगी डांस रजनी सर के लिए- शाहरूख खान

एक बार पीटीआई से बात करते हुए, शाहरुख खान ने इस गाने की तारीफ की थी. कहा था, 'मुझे यह सॉन्ग रजनी सर के लिए बहुत सही लगा और मैं उस महान एक्टर का एक फैन होने के नाते इसका हिस्सा बनना चाहता था. मेरी रिक्वेस्ट पर दीपिका इस गाने का हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी तैयार हो गई थी क्योंकि वह भी रजनी सर की बहुत बड़ी फैन है. गाना मजेदार, खुशनुमा और पूरी तरह से रजनीकांत स्टाइल का था।

जब सलमान खान को नहीं पसंद आई थी कैटरीना की छोटी ड्रेस, कहा जाओ चेंज करके आओ

नई दिल्ली, एजेंसी। फैमिली एंटरटेनर 'किसी का भाई किसी की जान' लेकर सलमान खान एक बार फिर से आ रहे हैं और फिल्म की पूरी स्टार कास्ट जमकर इसका प्रमोशन कर रही है. इसी दौरन सलमान खान को लेकर फिल्म की को-स्टार और श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने कहा था कि सलमान खान अपने सेट पर महिलाओं को अच्छे कपड़े पहनने की सलाह देते हैं. पलक तिवारी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि, सलमान खान ने महिलाओं के लिए फिल्मों के सेट पर कपड़े पहनने को लेकर कुछ सख्त नियम बनाए हुए हैं। सभी महिलाओं को कवर्ड कपड़े पहनने होंगे. इसी बीच में अब सलमान का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो कैटरीना के कपड़ों पर कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं. हाल ही में पलक तिवारी ने अपने इंटरव्यू में बताया था कि सलमान खान जहां पर शूटिंग कर रहे हैं और उनके सेट पर लड़कियां ज्यादा कट वाली ड्रेस नहीं पहन सकती. इस बीच

सलमान खान की एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें उन्होंने कैटरीना कैफ को ड्रेस बदलने का निर्देश दिया था. दरअसल, ये उस वक्त की बात है जब सलमान खान पर आरोप लगा था कि ड्रेस की वजह से उन्होंने कैटरीना कैफ को थप्पड़ जड़ा था. ये वीडियो रजत शर्मा की अदालत का है जो अब reddit पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो दरअसल, रजत शर्मा के शो आप की अदालत का है, जिसमें वह पूछते हैं कि सलमान और कैटरीना शूटिंग कर रहे थे. कैटरीना वैन से उतरीं उन्होंने जो कपड़े पहने हुए थे उसे देखकर आपको गुस्सा आ गया. इस पर सलमान खान कहते हैं 'छोटे तो थे, लेकिन फिटिंग खराब थी और कलर कॉम्बिनेशन थोड़ा सा खराब था. यह होता है कैटरीना मुझे भी बोलतीं हैं कि यह अच्छा नहीं लग रहा है. इसे बदलो, तो उस वक्त मुझे ऐसा चांस मिल गया था कि यह अच्छा नहीं लग रहा है जाओ इसे बदलो. ऐसा नहीं था कि कपड़े छोटे वगैरह थे।

ऑपरेशन शिकंजा

पुलिस और क्राइम ब्रांच ने 4 सटोरियों को दबोचा, 9 हजार रुपए, 6 मोबाइल जब्त

जबलपुर, यशभारत। शहर में सट्टा-जुआ खेलने के गोरखधंधा को नेस्तानाबूत करने नवागत एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने ऑपरेशन शिकंजा शुरु किया है। जिसके चलते माढोताल और क्राइम ब्रांच ने पाटन रोड पर 4 सटोरियों को घेराबंदी कर दबोच लिया। जिनके कब्जे से करीब 9 हजार रुपये जब्त किए गए है। इसके साथ ही आरोपियों से 6 मोबाइल भी जब्त किए गए है। जिसका पुलिस डेटा निकाल रही है।

सटोरियों, जुआ, अवैध शराब के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी के द्वारा प्रारम्भ किया गया है अभियान शिकंजा

जानकारी अनुसार थाना प्रभारी माढ़ोताल ने बताया कि सूचना मिली कि गणेश होटल पाटन रोड में सट्टा-पट्टी लिखी जा रही है। जिसके बाद तत्काल क्राईम शाखा तथा थाना माढ़ोताल से टीम गठित कर मौके पर जीवनलाल पटेल पिता स्व.रामलाल पटेल 42 साल निवासी पाटन रोड, सर्वेश विश्वकर्मा पिता स्व.राजेश विश्वकर्मा 28 साल निवासी धनवंतरी नगर , मोंटू पिता परसूराम वर्मन 23 साल निवासी ग्राम जरौन थाना पाटन, प्रतीक यादव पिता मनीराम यादव 20 साल निवासी शारदा नगर करमेता को दबोच लिया गया।

जीवनलाल के खिलाफ है 7 मामले दर्ज

आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने के बाद जब तलाशी ली गई तो आरोपी सटोरिये जीवनलाल पटेल के कब्जे से दो एंड्राईड मोबाईल एवं एक कीपेड मोबाईल, दो सट्टा पट्टी 5700 रूपये नगदी डाट पेन व एक कैलकुलेटर, सर्वशके कब्जे से एक मोबाईल 1300 रूपये नगदी व सट्टा पट्टी, मोंटू से 1 माबोईल, कैलकुलेटर, एक डॉट पेन एवं 1500 रूपये नगदी, प्रतीक यादव के कब्जे से मोबाईल एक सट्टा पट्टी, एक डाट पेन एवं 1100 रूपये नगदी रूपए जब्त किए गए। मामले में पकड़े गए आरोपी जीवनलाल पटेल के खिलाफ थाना माढोताल में कुल 7 मामले पंजीबद्ध है। सटोरियों को रंगे हाथ पकड़ने में थाना प्रभारी माढ़ोताल निरीक्षक रीना पांडे शर्मा, उप. निरीक्षक यदुवंश मिश्रा, स.उ.नि. बसोरीलाल, प्रधान आरक्षक कपिल कौरव, खेमराज चौधरी, आरक्षक शशिप्रकाश, की सराहनीय भूमिका रही।

सड़क हादसे में घायल युवक की तीन दिन बाद अस्पताल में मौत

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुआ था

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल थाना अंतर्गत श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज मोढ़ पर एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। दरअसल युवक अपनी बाइक से घर जा रहा था, तभी मोढ़ पर एक अज्ञात लोडिड वाहन ने युवक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक रोड से दस फिट दूर, वाहन समेत जा गिरा। जिसे सिर में गंभीर चोट आई थी। आनन फानन में युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उसकी 3 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विशाल स्थापक पिता देवेन्द्र स्थापक 28 साल निवासी पंचमुखी कॉलोनी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि युवक को कॉलेज मोढ पर एक बेकाबू अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद राहगीरों ने युवक को जैसे तैसे अस्पताल में पहुंचाया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं इस घटना के बाद परिजनों के आंसू नहीं रुक रहे है। कफन में लिपटे लाडले का शव देख परिजनों की चीखे निकल गयीं। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल में जुटी है।

बरेला के शारदा मंदिर पहाड़ी पर दो किमी तक लगी भीषण आग : फॉरेस्ट विभाग की टीम ने पाया काबू

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के बरेला थाना अंतर्गत प्रसिद्ध शारदा मंदिर के पीछे पहाड़ी पर भीषण आग लग गई। अचानक आग लगने से धुंए के उठ रहे बवंडर से लोग हैरानी में पड़ गए। पहाड़ के नजदीक बने गांव में हड़कंप मच गया। पहाड़ी में आग इस तरह फैली कि देखते ही देखते आग पहाड़ के 2 किलोमीटर एरिया तक फैल गई। भीषण आग लगने के बाद ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना फॉरेस्ट विभाग को दी। इसके बाद फॉरेस्ट विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों का कहना है पहाड़ी में लगी आग फॉरेस्ट विभाग की टीम के आने तक काफी फैल चुकी थी। जिसे काफी मशक्कत के बाद टीम ने जंगल की ओर जाने से पहले फैलने से रोक दिया गया। फिलहाल फॉरेस्ट विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

जबलपुर के पादा, चेन्नई, बाबर अली और घोड़ा के खिलाफ एनएसए गिरफ्तारी कर भेजा गया जेल

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के चार कुख्यात आरोपियों पर पुलिस ने सीधी कार्रवाई करते हुए एनएसए की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपी पादा, चेन्नई, बाबर अली और घोड़ा अपराध की दुनिया में वर्षों से सक्रिय है और लगातार कानून तोड़कर आमजन के लिए खतरा बन गए थे।

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि थाना हनुमानताल में शातिर बदमाश अफसर पादा अंसारी के खिलाफ 19 अपराध तथा चेन्नई उर्फ नुरूद्दीन अंसारी के 17 अपराध एवं बाबर अली के खिलाफ 37 अपराध पंजीबद्ध है तथा थाना गोहलपुर पुलिस द्वारा शातिर बदमाश गोलू घोड़ा उर्फ वसीम के खिलाफ 22 अपराध पंजीबद्ध हैं। जारी एनएसए के वारंट में विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों को केन्द्रीय जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी हनुमानताल उमेश गोल्हानी ने बताया कि अफसर पादा अंसारी पिता मुन्ना अंसारी 27 वर्ष निवासी चारखम्बा छोटी मदार टेकरी थाना हनुमानताल का एक अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जो वर्ष 2012 से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। जिसके खिलाफ 19 अपराध पंजीबद्ध है। इसी प्रकार चेन्नई उर्फ नुरूद्दीन अंसारी पिता शहीद अंसारी 26 वर्ष निवासी चारखम्बा छोटी मदार टेकरी थाना हनुमानताल 2018 से अपराध घटित किये जा रहा है जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयास, घर में घुसकर मारपीट, आदि के 17 अपराध पंजीबद्ध है। इसी प्रकार बाबर अली पिता कौशर अली 34 वर्ष निवासी चार खम्बा थाना हनुमानताल के खिलाफ 37 अपराध है। तो वहीं, प्रभारी गोहलपुर विजय तिवारी ने बताया कि गोलू घोड़ा उर्फ वसीम 26 वर्ष निवासी गोहलपुर का एक 2015 से अपराध घटित किये जा रहा है जिसके विरूद्ध अवैध वसूली, घर में घुसकर मारपीट आदि के 22 अपराध पंजीबद्ध ह। आरोपियों से आमजन को खतरा था। जिसके चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी द्वारा आरोपियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति प्रियंका शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में चारों शातिर बदमाश के खिलाफ एनएसए का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार सुमन के द्वारा आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों केा देखते हुए वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराये जाने हेतु आदेशित किये जाने पर वारंट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

आरोपियों के खिलाफ दर्जनों संगीन मामले हैं दर्ज

1400 करोड़ रु. का बजट लाने से पहले लेखा समिति के पास पहले क्यों नहीं भेजा गया?

नगर निगम सदन बजट बैठक में भाजपा पार्षदों ने दागे सवाल

जबलपुर,यशभारत। नगर निगम में 6 वें दिन मंगलवार को सदन बैठक बजट जारी रही। इस दौरान विपक्ष के पार्षदों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पर तीखे सवाल दागे। विदित हो कि गत दिवस कांग्रेसी पार्षदों व कांग्रेसी विधायक विनय सक्सेना ने नगर निगम की सदन बैठक में शब्दों का प्रहार किया था। मंगलवार को भाजपाईयों ने यह मोर्चा संभाल लिया।

सुभाषचंद्र बैनर्जी सुभाषचंद्र बैनर्जी वार्ड, सिविल लाइन के पार्षद ने बैठक में कहा कि जबलपुर नगर निगम बजट में शहर के भीतर अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम का उल्लेख किया गया है। यह कितनी जगह पर बनेगा। इसके साथ ही अन्य पार्षद ने महापौर से पूछा कि इस वर्ष 1400 करोड़ रुपए का बजट लाने से पहले लेखा समिति के पास यह क्यों नहीं भेजा गया। ये एक पहला बजट है जो पहले लेखा समिति के पास नहीं भेजा गया।

इसके अलावा सदन बजट बैठक में गोरखपुर क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग भी उठी। वहीं जबलपुर को स्वच्छता में नंबर 1 लाने के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा भी हुई। महापौर ने संकल्प लिया कि जबलपुर को सफाई के क्षेत्र में वे पूरा प्रयास करेंगे कि जबलपुर स्वच्छता में नंबर एक पोजीशिन पर आए। समाचार लिखे जाने तक बैठक जारी रही जो कि दोपहर तक चलेगी।

बरेला में पुराने विवाद युवक को घोंपा चाकू

जबलपुर, यशभारत। थाना बरेला बस स्टेंड मंदिर के पास दोस्त के साथ खड़े एक युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। युवक का विवाद रुपयों को लेकर बताया जा रहा है। आनन फानन में जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हमलावर को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अंकित मार्को 18 वर्ष निवासी बस स्टेण्ड ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि तीन दिन पहले उसका अमन बर्मन से विवाद हुआ था जब वह अपने साथी विजय प्रजापति के साथ बस स्टेण्ड मंदिर के सामने बरेला में खड़े होकर बातचीत कर रहा था, तभी अमन ने चाकू से हमलाकर पीठ, कंधे कमर में चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

रुपयों को लेकर हुआ था झगड़ा, आरोपी फरार

श्री अरुण चड्ढा का स्वर्गवास

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के संस्थापक सदस्य पूर्व जैक्सन होटल के मालिक अरुण चड्ढा का आज ही स्वर्गवास हो गया है।





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)